वर्ष : 06 अंक : 300

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

मंगलवार, 07 मई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दिल्ली शराब नीति से संबंधित दर्ज किए गए धन शोधन के मामले में उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने धन शोधन मामले में सुश्री कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी। कविता को 15 मार्च को ईडी और बाद में सीबीआई ने न्यायिक हिरासत में रहते हुए गिरफ्तार किया था। अदालत की ओर से जेल में उससे पूछताछ की अनुमति दिए जाने के बाद सीबीआई की गिरफ्तारी हुई।

### ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** जिले के थाना चरगवां अंतर्गत ग्राम तिनेटा में सोमवार सुबह करीब 11.30 ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत गई। मरने वाले बच्चों की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। पुलिस ने दो घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ग्राम तिनेटा देवरी के रहने वाले सभी बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। वे ट्रैक्टर से पानी का टैंकर लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर को 18 साल का धर्मेंद्र ठाकुर (गौंड) चला रहा था। उसकी बहन की सोमवार को शादी है। घर से 500 मीटर दूर ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गया। उन्होंने बताया कि मृतकों में धर्मेंद्र (18) पुत्र राम प्रसाद ठाकुर, देवेंद्र (15) पुत्र मोहन बरकड़े, राजवीर (13) पुत्र लखनलाल गौंड, अनूप बरकड़े (12) पुत्र गोविंद बडकडे और लकी (10) पुत्र लोचन मरकाम हैं।

### अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तरह ही कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने का ई-मेल भेजा गया है। अहमदाबाद पुलिस बम स्क्वॉड के साथ इन सभी स्कूलों में बारीकी से जांच में जुटी है। ई-मेल सुबह 7 बजे एक के बाद एक स्कूलों में भेजे गए। सभी ई-मेल में दिल्ली जैसे ही कंटेंट हैं। मेल की लिपि रोमन (अंग्रेजी) में है, लेकिन भाषा हिंदी है। इन स्कूलों में से 11 स्कूल में मंगलवार को मतदान किया जाएगा। इस वजह से पुलिस विशेष सावधानी बरत रही है।

## पीएम मोदी का ओडिशा में कांग्रेस व बीजद पर हमला

# राज्य अमीर पर यहां के लोग गरीब क्यों : मोदी

एजेंसी

**ब्रह्मपुर (ओडिशा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीजेडी को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अमीर है। जनता गरीब है। यह पाप पहले कांग्रेस और इसके बाद बीजेडी के नेताओं ने किया है। उन्होंने कहा, 'चार जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है और छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा।' प्रधानमंत्री मोदी ने उमड़े जनसमूह से इस बार आम चुनाव में 400 पार के अपने संकल्प सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जैसे त्रिपुरा को 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन ने तबाह कर दिया। वहां के लोगों ने भाजपा को जिताया और अब त्रिपुरा तेज गति से विकास कर रहा है। उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था के लिए बदनाम हो चुका था। हमें मौका दिया योगी जी बैठे और आज उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है।'

- पीएम ने कहा- यह पाप कांग्रेस और बीजेडी ने किया
- चार जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट तय



### केंद्र की योजनाओं पर राज्य सरकार अपना फोटो लगवाती है

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। मोदी गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है। मोदी दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए पैसे भेजता है, लेकिन बीजेडी सरकार इस योजना पर भी अपना फोटो चिपका देती है।

### भाजपा ने ओडिशा की बेटी को देश का सबसे बड़ा पद दिया

प्रधानमंत्री ने कहा- भाजपा ने बहुत गौरव से ओडिशा की मिट्टी में जन्मी, ओडिशा की बेटी को देश का सबसे बड़ा पद दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी मुझे लगातार ओडिशा के विकास के लिए बहुत बारीक-बारीक चीजें बताती हैं।

### ओडिशा में उड़िया संस्कृति को समझने वाला सीएम चाहिए

मोदी बोले- ओडिशा में उड़िया संस्कृति को समझने वाला, जीने वाला, गर्व करने वाला और उड़िया संस्कृति के लिए समर्पित भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, तो आपकी समस्याओं का तेजी से समाधान होगा। इसलिए, भाजपा के मुख्यमंत्री, भाजपा की सरकार का शपथ समारोह होना चाहिए और आपको उसमें आना चाहिए।

## प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की राजधानी रांची में बड़ी कार्रवाई

# मंत्री आलमगीर के निजी सचिव के नौकर के यहां मिले नोटों के अंबार

संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सोमवार को राज्य की राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। छापेमारी में राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से अब तक 40 करोड़ रुपये मिले हैं। अभी नोटों की गिनती चल रही है। बैंकों के अधिकारी बरामद रुपये की गिनती कर रहे हैं। इस कार्य में कई मशीनें लगी हैं। कुल 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया है। इसके अलावा ईडी की छापेमारी में पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से पांच करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के करीबी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि यह रुपये मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल के हैं।

बताया जा रहा है कि ईडी की यह छापेमारी गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में हुई है। ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी, 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

- निजी सचिव के नौकर के घर से मिले 40 करोड़ रुपये कैश
- जहांगीर आलम ने बताया कि यह रुपये संजीव लाल के हैं
- बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से भी पांच करोड़ रुपये बरामद



### इन स्थानों पर हुई छापेमारी

- मेन रोड के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के घर।
- गाड़ीखाना चौक स्थित संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के सैयद रेजीडेंसी स्थित घर।
- दीनदयाल नगर स्थित आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर।
- सेल सिटी स्थित पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर।
- बाड़ेया रोड स्थित चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के घर।
- आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कांके रोड स्थित घर।

### ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है : आलमगीर

इधर, संजीव लाल के ठिकाने से 40 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि टीवी में आप लोग जो देख रहे हैं, हम भी वही देख रहे हैं। ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जायेगा। अभी कुछ टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संजीव उनका विभागीय पीएस है और वो सरकारी मुलाजिम है। हमलोग जो पीएस को रखते हैं, उसका अनुभव देखकर ही रखते हैं। इससे पहले संजीव दो-दो मंत्रियों का निजी सचिव रह चुका है।

## लोकसभा चुनाव-2024 : तीसरा चरण

# 12 राज्यों की 93 सीटों पर मतदाता आज करेंगे वोटिंग

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए 7 मई को मतदान होगा। इस चरण में 12 राज्यों की 93 सीटों पर प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। भीषण गर्मी के बीच मतदाताओं को घर से बाहर निकालना चुनाव आयोग के लिए चुनौती बना हुआ है।

मतदान सुबह लगभग 7 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। इस चरण में बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ प्रमुख राज्यों में मतदान होगा।

पहले जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी इसी दिन वोटिंग होना थी, लेकिन यहां 25 मई को मतदान पुनर्निर्धारित किया गया है। सभी सीटों पर वोटों की गिनती 4 जून को होनी है।

### इन राज्यों की सीटों पर होगा मतदान

असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव की एक-एक सीट, गोवा की 2, गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की 4 सीटों पर होगा मतदान।

### किन दिग्गजों की किस्मत दांव पर

तीसरे चरण के लिए मतदान के बाद 7 मई को जिन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। उनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह के नाम शामिल है। इनके अलावा डिंपल यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को होगा। साथ ही शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में बंद हो जाएगा।

# सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देते हुए सोमवार को शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष श्री सोरेन का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने रखा।उन्होंने लोकसभा के लिए 13 अप्रैल से शुरू और एक जून के अंतिम चरण के होने वाले मतदान के साथ ही अनुच्छेद 32 के तहत पहले दायर अपनी याचिका का जिक्र करते हुए (उच्च न्यायालय के आदेश के बाद दायर) 'विशेष अनुमति याचिका' पर शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर किया।

इस पर पीठ उनसे कहा कि वह दोनों याचिकाओं के संबंध में ईमेल संदेश के जरिए सूचित करें।

# चाचा के श्राद्ध में शामिल हुए हेमंत सोरेन, परिजनों ने पूछा हाल

संवाददाता

**रांची/रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में कोर्ट की इजाजत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से निकलकर सोमवार को सीधे अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाल-चाल पूछा और उससे ज्यादा उनके परिजनों ने उनका हाल पूछा। कुशल छेम का दौर काफी लंबा चला। परिवार के सदस्यों और ग्रामीण भाई बंधुओं के साथ मिलकर उन्होंने दुख इस घड़ी में सभी को सांत्वना दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता और पार्टी के कई दिग्गज नेता भी वहां पहुंचे। उन लोगों ने राजा राम सोरेन को श्रद्धांजलि दी। साथ ही हेमंत सोरेन का हाल-चाल भी पूछा। पार्टी नेताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन स्वस्थ हैं, यह जानकर उन्हें काफी खुशी हुई है।



### नए लुक में दिखे हेमंत



दिशोम गुरु शिबू सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ आज पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नए लुक में दिखे। उनकी पकी हुई दाढ़ी और बढ़ी हुई मुंछे दिशोम गुरु शिबू सोरेन वाला लुक दे रहा था। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें मीडिया के साथ बात करने से मना किया है लेकिन उनके चेहरे का हाव-भाव देखकर लोग यह अंदाजा लगा रहे थे कि उनका आत्मविश्वास अभी भी बरकरार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हेमंत सोरेन के हैंडल से कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं। इन तस्वीरों में भी वे पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। साथ ही यह भी दिख रहा है कि उनकी मां उन्हें दुलार कर रही हैं। पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी हैं। एक शायरी भी साझा की गई है, जिसमें लिखा है 'उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीं है कि ये आसमान कुछ कम है।' इन पंक्तियों का आशय साफ है कि हेमंत सोरेन एक बड़ी लड़ाई के लिए तैयार हैं।

## दीक्षांत समारोह

## धर्मशाला के केंद्रीय विवि के 7वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति, बोलीं

# 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को करें तैयार

एजेंसी

**धर्मशाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह विद्यार्थियों के चरित्र व व्यक्तित्व का निर्माण करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को सोमवार को धर्मशाला में स्थित हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं। समारोह में राष्ट्रपति मुर्म ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अतीत में बदलाव की गति इतनी तेज नहीं थी। आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं। परिवर्तन की गति और परिमाण दोनों ही बहुत अधिक हैं, जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल बहुत तेजी से बदल रहे हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की शुरूआत में कोई नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस तरह के कौशल की आवश्यकता होगी। इसी तरह कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे। इसलिए हमें लगातार नए कौशल अपनाने होंगे। हमारा ध्यान लचीला दिमाग विकसित करने पर होना चाहिए। जिससे युवा पीढ़ी तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बिठा सकें। हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत कर उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा।

शिक्षकों से राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो छात्रों को शिक्षित करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाए और उनके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करे। शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस संबंध में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उनका कार्य क्षेत्र केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, उन पर देश के भविष्य के निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

- राष्ट्रपति ने छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं



# भारतीय जूनियर वीमेंस हॉकी टीम में झारखंड की चार बालाएं शामिल

संवाददाता

**रांची।** भारतीय हॉकी ने सोमवार को जूनियर वीमेंस हॉकी टीम की घोषणा की जो यूरोपियन टूर पर जाएगी। 21 से 29 मई के दौरान भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ऑरेंज रूड) के साथ छह मैच खेलेगी।

21 मई से टीम अभियान की शुरूआत करेगी। घोषित की गयी 22 सदस्यीय भारतीय महिला (जूनियर टीम) टीम में झारखंड की भी चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना होरो शामिल हैं। रजनी केरकेट्टा और नीरू कुल्लू सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान और संजना होरो खूंटी जिले की रहने वाली हैं। ज्योति सिंह (डिफेंडर) इस टीम को लीड करेंगी। साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। भारतीय टीम में झारखंड के चार खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी हैं।

- नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना को मिला मौका



# चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं : रवि कुमार

संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा।

हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिले में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

## फिर भाजपा में शामिल हुए रामटहल

**रांची।** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की भारतीय जनता पार्टी में घर वापसी हुई। सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने रामटहल चौधरी को भाजपा में शामिल कराया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रांची से पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ, पूर्व सांसद महेश पोद्दार उपस्थित थे। रविवार को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी से मुलाकात कर भाजपा में वापसी के संकेत दिये थे। पार्टी से नाराज होकर पिछले माह रामटहल चौधरी ने कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। पर रांची संसदीय सीट से टिकट नहीं मिलने पर वे कांग्रेस आलाकमान से नाराज हो गये थे। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को रांची से पार्टी का उम्मीदवार बनाया था।

# झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र की सरकार चल रही है: संजय

संवाददाता

**झारखंड के माथे पर यहां के मंत्रियों ने एक और कलंक का टीका लगाया**



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा आज जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के अप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं। यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्री के केस में जेल में है। आज उनके मंत्री आलमगीर आलम के अप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है। श्री सेठ ने कहा झारखंड इकलौता राज्य है जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनाई जाती है 2 साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखा था आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है। झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी, यहां के खनिज संपदा को लूट और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली वही एक और नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा है जिन्होंने अभी तक 25 करोड लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार ,और भ्रष्टाचार ,मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते । सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अभिलंब गिरफ्तार किया जाए। झारखंड की जनता ने इनके चाल चरित्र और चेहरा को देख लिया है। इस लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें मुंह तोड़ जवाब देगी जिन्होंने झारखंड को पूरे देश में बदनाम करने का काम किया है।

**एक नजर**

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यशस्विनी सहाय का किया भव्य स्वागत



**रांची।** गाड़ीखाना चौक पर सैकड़ो की संख्या में युवा , महिला एवं बुजुर्गों ने रांची लोकसभा की युवा महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का भव्य स्वागत किया। सुबह से ही लोग ढोल नगाड़े के साथ गाड़ीखाना चौक के समीप पूरे उत्साह के साथ आ गए एवं जैसे ही यशस्विनी सहाय का काफिला आया, सभी लोगों का जोश और उमंग देखने लायक था। सभी लोग पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत माता की चुनरी पहना कर एवं पुष्प माला पहना कर किया। उन्हें विजयी होने के लिए आशीर्वाद दिया। महागठबंधन के रांची लोकसभा की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय समर्थकों के साथ नामांकन किया एवं विशाल जनसभा को संबोधित किया । इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता दीपक लाल , मोनू शर्मा, निजाम अली , बाबू खान , संदीप घोष , सौरव वर्मा , अमन एवं आस पास के सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## एसवीईईपी के तहत सोशल मीडिया अभियान सात मई को

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवे, छठे और सांतवे चरण में मतदान होना है। चुनाव में मतदाता जागरुकता के लिए सात मई को संध्या छह बजे से आठ बजे तक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर अभियान चलाया जाएगा। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा (एसवीईईपी) के तहत इस अभियान का संचालन होगा। इसमें राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षक, छात्र और एसएमसी सदस्य शामिल होंगे।

इस अभियान के तहत स्कूलों में पूर्व से संचालित की जा रही विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से संबंधित तस्वीरें, वीडियो, स्लोगन, पेंटिंग्स आदि मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर अभियान के अंतर्गत पोस्ट की जाएंगी। साथ ही सभी विद्यालयों में अपील पत्र, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बैज मेकिंग, कार्टून मेकिंग, अभिभावकों-पड़ोसियों के साथ सेल्फी, रंगोली मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिसे सोशल मीडिया अभियान के तहत अपलोड किया जाएगा।

इसके अलावा प्रतिदिन स्कूलों में मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है। बच्चे इन प्रयासों से लोकतांत्रिक इतिहास और मतदान के महत्त्व को आसानी से समझ पा रहे हैं। इतना ही नहीं वे अपने टोलों, गांवों में भी जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

**स्कूलों में स्थापित किया गया 'लोकतंत्र कक्ष'**

राज्य के हाई स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब बनाया गया है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में 'लोकतंत्र कक्ष' की स्थापना की गयी है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीने आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गयी है।बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते है।

# मतदान की ताकत से युवा अपना तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं: डॉ ब्रजेश

संवाददाता



**रांची।** रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश के आलोक में एन एस एस इकाई द्वारा चलाए जा रहे सघन मतदाता जागरूकता अभियान (2.0) के अंतर्गत सोमवार को आर यू के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में पेंटिंग, स्लोगन, कविता लेखन एवं रील मेकिंग) का सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मतदान युवाओं के लिए ऐसी ताकत है जिसके बल पर युवा अपनी तकदीर एवं तस्वीर बदल सकते हैं। चुनाव के इस महापर्व में जाति, पंथ, भाषा, भेदभाव से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए एवं लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का विशेष योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के दूसरे चरण में पहली बार मतदाता बने युवाओं की अधिक हिस्सेदारी हेतु कई प्रयोग किया जा रहा है जिसका परिणाम काफी सार्थक होगा। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल में डॉ पूनम सहाय,डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ किशोर सुरीन, डॉ तारकेश्वर सिंह मुंडा, अनुभव चक्रवर्ती आदि शामिल रहें।

ये प्रतिभागी रहे शामिलः पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रज्ञा भारती, कनकलता कुमारी, सुरभि कुमारी, नेहा कच्छप, अंजली कुमारी, कनुप्रिया सिन्हा, स्नेहा रानी, आतिया अंजुम, आरती कुमारी, दिलीप कुमार यादव, वंदना कुमारी, सुरजीत बेदिया, अंकिता गाड़ी,प्रियंका भारती, अनुप्रिया कुजूर शामिल हुए। कविता लेखन में राहुल कुमार रॉय, सुमन प्रभा, अमीषा कुमारी, लवली वर्णवाल, विनय मुंडा, प्रीति कुमारी, रेशमा मुंडा, आकांक्षा, उज्ज्वल पाण्डेय, अमरनाथ कुमार सिंह, कविता कुमारी , रीना कुमारी शामिल हुए। स्लोगन, क्विज एवं रील मेकिंग में 150 से ज्यादा छात्र - छात्राएं शामिल हुए।

## मां की ममता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



वरीय संवाददाता

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड कि ओर से आगामी मदर्स डे के उपलक्ष्य पर कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां पर बच्चों ने अपनी मां के मनमोहक तस्वीर बनाकर उनकी भावनाओं को प्रकट करते हुए हर बच्चों ने अपनी मां के अलग-अलग रूपों को रंगो से बयां किया। किसी ने मां को भगवान के रूप में दशार्या तो किसी ने उन्हें सुपर वूमेन की तरह दिखाया। वहीं बच्चो ने कहा की मां मेरी बेस्ट फ्रेंड है। वो हर वक्त मेरे लिए मौजूद होती हैं।भगवान हर जगह मौजूद नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने मां को बनाया है जो हमारे अच्छे और बुरे कर्मों पर नजर रखती है। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के तौर पर स्कूल के प्रचार्य एस के सिन्हा, शंकर दुबे, महापंचायत झारखंड के संरक्षक संजय जायसवाल,अभिषेक मुकीम, सुशील मुकीम, आशा देवी,डी ए वी गांधीनगर स्कूल के बी के सिन्हा, डॉ जया जायसवाल, श्रुति देशमुख, के नलनी समेत कई शिक्षक शिक्षिकाए विधार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

## भू माफिया व दलालों के खिलाफ हेल्पलाईन नम्बर जारी

**रांची।** जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने जिले में लगातार बढ़ रहे जमीनों में अवैध कब्जा व भू माफियाओं की ज्यादती की शिकायतें मिलने के बाद हेल्प लाईन नम्बर 9453886241 जारी किया है।

इस संबंध में उन्होंने कहा कि राजधानी व आस पास के थाना क्षेत्रों से दलालों द्वारा जबरन जमीन कब्जा करने वा मारपीट करने की शिकायतें मिल रही है, जिसे देखते हुए उन्होंने ये हेल्प लाईन नंबर जारी किया है। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी कार्रवाई करने से पहले पुलिस को दोनों पक्षों के कागजात की जांच करनी है,उसके बाद ही किसी के खिलाफ कार्रवाई करनी है। एसएसपी श्री सिन्हा ने बताया कि कई बार ऐसी शिकायते भी आती है जिसमें जमीन दलाल अपनी वर्चस्व के कारणर रौब दिखा कर कमजोरों की जमीन को दखल कर लेते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ही हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है।

# झारखंड हाईकोर्ट ने वाटर हार्वेस्टिंग के मामले में की गई कार्रवाई पर रांची नगर निगम से मांगे जवाब

संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा कि रांची में जिन बहुमंजिले भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं हैं उन पर क्या कार्रवाई हो रही है? साथ ही रांची नगर निगम से मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग एवं अन्य भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में बताने को कहा है।

हाई कोर्ट ने कहा कि तीनों डैम की सफाई को लेकर निगम और सरकार संवेदनशील रहे। साथ ही निगम और सरकार से मौखिक कहा कि गर्मी में रांची शहर में पेयजल की समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जाए। जरूरत पड़े तो टैंकरों से भी पानी उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने रांची नगर निगम और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि 710 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप से भी सहायता ली जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए 5000 पंफलेट और 3000 स्टीकर बांटे गए हैं। एफएम रेडियो में भी वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि रांची के तीनों डैम हटिया, कांके एवं गेतलसूद डैम से छह माह तक पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है। इसलिए गर्मी में पेयजल की समस्या नहीं होगी। भविष्य में रांची में पेयजल का संकट ना आए इसके लिए निगम और सरकार योजनाएं बना रही है।

कोर्ट को यह भी बताया गया था कि कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम का झारखंड स्टेट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से सेटेलाइट मैपिंग किया जाएगा ताकि इन तीन डैम का जल स्त्रोत, कैचमेंट एरिया, डैम के आसपास के अतिक्रमण आदि की जानकारी हो सके।

### झारखंड हाई कोर्ट में जेएनएसी में अवैध निर्माण को लेकर दाखिल याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर दाखिल राकेश कुमार झा की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी (जेएनएसी) के स्पेशल ऑफिसर कृष्ण कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। जेएनएसी के स्पेशल ऑफिसर की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेएनएसी क्षेत्र में बिल्डिंग के बेसमेंट या पार्किंग में कब्जा के मामले में 46 बिल्डिंग को चिह्नित किया गया। इनमें 31 बिल्डिंग पर कार्रवाई कर उसके बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था बहाल कराई गई। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से आपत्ति जताते हुए कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2017 में जेएनएसी ने आवासीय बिल्डिंग का व्यवसायिक उपयोग, नक्शा विचलन आदि से संबंधित 535 अवैध भवनों को नोटिस जारी किया था लेकिन अब तक के आंकड़े के अनुसार जेएनएसी क्षेत्र में 1257 अवैध बिल्डिंग बने हैं। इस पर कोर्ट ने जेएनएसी को निर्देश दिया कि वह कमेटी बनाकर अवैध बिल्डिंग को चिह्नित करे और उन पर हुई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करे। कोर्ट के मामले में अगली सुनवाई 27 जून निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित सिन्हा एवं अखिलेश श्रीवास्तव ने पैरवी की।

## झारखंड हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में मधुपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के छह थानों रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को मधुपुर थाना में कांड संख्या 176/2023 दर्ज किया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से मधुपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया है।

# रांची रेलवे स्टेशन से शराब तस्करी करते दो धराये

### एक के पास से 12 बोतल और दूसरे से 24 बोतल शराब बरामद

वरीय संवाददाता





**रांची।** रेलवे पुलिस ने ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के दो अलग अलग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रांची रेलवे स्टेशन के आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि रविवार व सोमवार को वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आगामी लोक सभा चुनाव के मद्दे नजर मादम पदार्थों के खिलाफ अभियान ऑपरेशन सतर्क चलाया जा रहा था,उसी दौरान रविवार व सोमवार को आरपीएफ की टीम को अलग अलग प्लेटफॉर्म में दो संदिग्ध लोगों पर नजर पड़ी जिन्हें कस्टडी में लेकर जांच व पूछताछ की गयी जिसमें एक व्यक्ति सारण बिहार निवासी सोनू कुमार के पास मौजूद बैग में छिपा कर रखे हुए 12 बोल शराब बरामद की गयी,जिसकी कीमत उसने 23 हजार400 रुपया बताया, जब्त शराब को वह बिहार ले जार कर महंगे दामों में बिक्री करने की बात बतायी। वहीं सोमवार को भी आरपीएफ की टीम ने एक संदिग्ध को रोक कर जांच किया जिसके पास से शराब की 24 बोतलें बरामद की गयी। जिसकी बाजार कीमत 4820 रुपया आंकी गयी। दोनों मामलों के आरोपियों को प्रक्रिया पुरी करने के बाद आगे की कार्रवई करने के लिए उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों के हवाले कर दिया गया।

## गौशाला में गौ सेवकों ने की सेवा

**रांची।** राजधानी के कांके सुकूरहूटू गौशाला में नवनिर्मित गौ परिक्रमा मंदिर की प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर गौ माता सेवा समिति के सदस्यों एवं गौ भक्तों ने गौ माता की पूजा अर्चना की, तथा गौ माता की सेवा की कर सैकड़ो गायों को तरबूज, गुड़, चना, हरा घास, सब्जियां, चारा चोकर खिलाया। समाजसेवी जवाहर तनेजा ने 1000 किलो तरबूज गौ सेवा के लिए अर्पित किया। उन्होंने कहा कि गौ हमारी माता है, सभी लोगों को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए। यह बहुत ही पुनीत कार्य है। हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है गौ माता की सेवा करने से बड़े से बड़े कष्ट दूर हो जाता है।

# हर साख पर आलमगीर बैठा है अंजाम ए झारखंड क्या होगा: चुग

वरीय संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची पहुंचे। श्री चुग ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्र पलामू,सिंहभूम,खूंटी लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी,सह प्रभारी,संयोजक ,जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। इसमें लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। श्री चुग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है।

अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपए नकद बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम ए झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर एन डी ए की जीत पक्की है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

एक नजर

## संस्कार पब्लिक स्कूल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**बोकारो।** कसमार के बनचास रोड स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में सोमवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी को संबोधित करते विद्यालय के संयोजक राजा मुखर्जी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से संस्कार पब्लिक स्कूल में कुछ तथाकथित स्वार्थी लोगों के कारण विद्यालय का पठन पाठन बाधित हुआ था। लेकिन पुनः इसे अपने पुराने स्कूल भवन में नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अभी गर्मी को देखते हुए विद्यालय बंद है। लेकिन जल्द ही सरकारी आदेश के बाद विद्यालय चालू कर दिया जाएगा। इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय में बच्चों की प्रगति पर अपने अपने अनुभव का आदान प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन कमिटी की ओर से स्कूल में बच्चों की शिक्षा के साथ साथ कसमार समेत आसपास के क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को चालू रखने, सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आम लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। मौके पर निवारण चंद्र मुखर्जी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय, भवानी प्रसाद मुखर्जी, चिन्मय मुखर्जी, रंजीत कुमार महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## कसमार के पोंडा पंचायत में ओलावृष्टि से दर्जनों घरों के एस्बेस्टस टूटे



**कसमार।** कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के कमलापुर एवं बनगजरा में सोमवार शाम बारिश के साथ अचानक हुए ओलावृष्टि से दर्जनों ग्रामीणों के घरों का एस्बेस्टस टूटकर बर्बाद हो गया। इसकी जानकारी देते हुए पोंडा पंचायत के मुखिया हारू रजवार ने बताया कि बारिश के बाद अचानक ओलावृष्टि होने लगी। पहले तो छोटे आकार के ओले गिरे, लेकिन बाद में बड़े बड़े ओले गिरने लगे, जिससे ग्रामीण इधर उधर भागने लगे। लगभग आधे घंटे तक हुए ओलावृष्टि से काफी लोगों का घर टूट गया। इनमें से राजेन्द्र नायक, नीलम देवी, कुदुस अंसारी, मकदूम सफी, गुलाब नायक, साबिर आलम, हरेंद्र सिंह, अंकेश कुमार गुप्ता, नारायण नायक, दशरथ सिंह, अवधेश नायक, दुर्गा दास, दिलीप तुरी, दीपक तुरी, शक्ति कुमार, गणेश कुमार, रमेश कुमार, कृपाल कुमार, प्रफुल्ल नायक, लालचंद मांझी, ऋतिक तुरी, वकील नायक, किशोर नायक, महावीर महतो, राजू रजवार समेत अन्य कई लोगों के घरों में लगे एस्बेस्टस की छतें टूट गयी है। मुखिया ने बताया कि इसकी सूचना अंचल कार्यालय कसमार को दी गयी है, ताकि गरीबों को क्षतिपूर्ति का मुआवजा मिल सके।

## ब्लास्ट फर्नेस -5 में पीएलसी बेस्ड हॉपर वेंईग एण्ड बैचिंग सिस्टम का उद्घाटन



**बोकारो।** राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभारी - संकार्य) के द्वारा ब्लास्ट फर्नेस -5 में पीएलसी बेस्ड हॉपर वेंईग एण्ड बैचिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया और इस सिस्टम को अन्य ब्लास्ट फर्नेस में भी अपनाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण), एम पी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) ए के देव, विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (आई एण्ड ए) एस सरकार, महाप्रबंधक (आई एण्ड ए) विनय कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस-इले) और हीरा लाल, सहायक महाप्रबंधक (आई एण्ड ए) के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

गिरिडीह से चंद्रप्रकाश एवं धनबाद से ढुल्लू को जीत दिलाने की अपील

# जैनामोड़ में भाजपा आजसू गठबंधन की चुनावी सभा में उमड़ी भीड़

संवाददाता



**बोकारो।** गिरिडीह लोक सभा के निवर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को बोकारो के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र भरा। इस दौरान बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो समेत भाजपा व आजसू पार्टी के अन्य कई नेता मंत्री मौजूद थे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में जैनामोड़ में चुनावी सभा हुई। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार तीसरी बार बननी तय है, क्योंकि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जोरदार लहर है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश में लगातार भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए सैकड़ों भ्रष्टाचारियों को जेल में बंद किया। देश को एक बेहतर स्थान में शामिल कर पूरी दुनिया में एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने गिरिडीह से भाजपा समर्थित आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को वोट देकर जोरदार जीत दिलाने एवं केंद्र में भाजपा की बहुमत की सरकार बनाने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा समर्थित आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि पांच वर्ष तक मैंने सांसद रहकर लोकसभा क्षेत्र में विकास का काम किया है। विकास हीं मेरी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार को बरकरार रखने के लिए भाजपा समर्थक एवं आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी से भारी मतों से जीत दिलाने का काम करें। बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने लोगों को अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल आदि ने मंच से कार्यकताओं को संबोधित किया। मंच का संचालन जरीडीह प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से विधायक निर्भय शहावादी, ढुल्लू महतो, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, मनीष जायसवाल, जदयू के प्रदेश महासचिव दीपक नारायण, जयदेव राय, भरत यादव, अमरदीप महाराज, लक्ष्मण नायक, काशीनाथ सिंह, सुनील सिंह, अर्जुन सिंह, मनोज कुमार ठाकुर, नजरूल हाशमी, शंकर रजक, सचिन महतो, नरेंद्र कुमार महतो, नवकुमार महतो, जगदीश प्रसाद महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चन्द्र प्रकाश चौधरी व झामुमो के मथुरा महतो सहित 25 उम्मीदवारों ने किया नामांकन दाखिल

संवाददाता



**बोकारो।** लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से राजग (आजसू) उम्मीदवार निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी तथा इंडी गठबंधन (झामुमो) के उम्मीदवार मथुरा महतो सहित कुल 16 उम्मीदवारों नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

इन लोगों ने गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह-बोकारो उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के समक्ष अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इसके साथ ही गिरिडीह लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 25 हो गई है। सोमवार को नामांकन दाखिल करने वालों में एनडीए के चन्द्र प्रकाश चौधरी व इंडी गठबंधन के मथुरा प्रसाद महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कमल प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश रोशन घोष, श्रीमती उषा देवी, जयराम कुमार महतो के प्रस्तावक कुलदीप राम, सुश्री पूजा कुमारी, सर्व समाज पार्टी प्रत्याशी सुभाष कुमार ठाकुर, निर्दलीय प्रत्याशी तुलसी महतो, राजा हक, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी प्रत्याशी नारायण गिरि, निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती उषा सिंह, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी इमाम सफी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी प्रत्याशी जयराम महतो एवं बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी मो. ऐनुल अंसारी के नाम शामिल हैं। इसमें चार उम्मीदवारों ने दूसरी बार नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 26 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

सोमवार को नामाकन दाखिल करने के दौरान आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी के साथ बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व विधायक डॉ लम्बोदर महतो भी उपस्थित थे। जबकि, झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के साथ झारखंड सरकार में मंत्री बेबी देवी, झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे।

## बोकारो संगीत कला अकादमी में प्रशिक्षण कार्यशाला आज से

संवाददाता

**बोकारो।** वर्ष 1992 में स्थापित बोकारो संगीत कला अकादमी, बोकारो की एकमात्र ऐसी संस्था है, जहां संगीत, गीत, नृत्य, चित्रकला, वास्तुकला एवं आदिवासी नृत्य तथा कला की अन्य विधाओं की शिक्षा व प्रशिक्षण एक ही छत के नीचे नाम मात्र का शुल्क लेकर दी जाती है। विभिन्न कलाओं की गूढ़ जानकारियां एवं सूक्ष्म ज्ञान के लिए अकादमी द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्यशालाएं आयोजित की जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी दिनांक 7.5.2024 से कत्थक नृत्य, गायन, चित्रकला एवं हस्तकला के विशेष प्रशिक्षण के लिए एक कार्यशाला अकादमी के प्रांगण में प्रारंभ की जा रही है। अकादमी की सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार ने कार्यशाला के विषय में बताया कि कत्थक की कार्यशाला में देश के जाने माने कत्थक नृत्य गुरु विमल पात्रा, जिन्होंने विदेशों में भी प्रशिक्षण का कार्य किया है, कत्थक के विशेष गुर को सिखाएंगे।

## शिक्षक व अभिभावक की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में सोमवार को शिक्षक व अभिभावक की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित अभिभावकों को मतदान को लेकर मुखिया निर्मला देवी ने जानकारी देते हुए पहले मतदान, फिर जलपान, निर्भीक होकर करें मतदान की बात कही। बैठक में उपस्थित शिक्षक व अभिभावकों को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ भी दिलाया गया।

## बीएसएल में इन-हाउस प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन द्वारा उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में कोल्ड रोल्ड कॉइल्स के उत्पादन के लिए सीआरएम 1 और 2 में डीसीआर मिल की सुविधा है, जहां कॉइल्स को वांछित मैकेनिकल गुण प्रदान करने के लिए फोर हाई ट्विन स्टैंड रोल द्वारा पास कराया जाता है। इससे पहले सीआरएम-3 से प्राप्त इनपुट कॉइल्स को सीसीएएल लाइन के माध्यम से पार किया जाता है, जिसमें स्ट्रिप्स को इलेक्ट्रोलाइटिक रूप से साफ किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पाद में बेहतर चमक प्राप्त होती है और फिर निरंतर एनीलिंग द्वारा बेहतर एज और कम वेविनेस्स के साथ बेहतर उत्पाद गुणवत्ता होती है। उत्पाद आयाम में मोटाई: 0.35-0.80 मिमी और चौड़ाई: 876-1000 मिमी शामिल है।

अब तक डीसीआर उत्पाद की आपूर्ति आईएस 513 सीआर1 के रूप में की जाती थी। ग्राहकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कोल्ड रोल्ड स्टील आईएस 513 सीआर 2 के की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बीएसएल के आर एंड सी और सीआरएम 1 व 2 की टीम के प्रयासों से डीसीआर उत्पादों के गुणों में महत्वपूर्ण सुधार लाया गया है।

इसके तहत फर्नेस के विभिन्न जोन के तापमान और लाइन गति जैसे प्रक्रिया मापदंडों का ऑप्टिमाइजेशन शामिल है। फर्नेस के अलग-अलग जोन में तापमान के ऑप्टिमाइजेशन के लिए मुख्यतः हीटिंग जोन 1, 2 और 3 में बर्नर का मॉडिफिकेशन तथा सोकिंग जोन 4, 5 और 6 में विद्युत ताप तत्वों का मॉडिफिकेशन किया गया, जिससे मैकेनिकल गुणों में वांछित सुधार व अभिवृद्धि लाई जा सकी। इसके अलावा, रेफ्लेक्टेन्स टेस्ट द्वारा सतह की चमक में हुई वृद्धि की पुष्टि भी हुई। इन प्रयासों में मिली सफलता की बदौलत अब बीएसएल सीसीएएल-डीसीआर रूट से पतले गेज (0.35-0.80 मिमी) में आईएस 513 सीआर2के ग्रेड स्टील की आपूर्ति करने में सक्षम है, जिसकी बाजार में काफी मांग है।

यह उन्नयन न केवल बोकारो स्टील के उत्पाद की गुणवत्ता को बेहतर बना रहा है, बल्कि बेहतर सेल्स रियलाइजेशन की दृष्टिकोण से भी उपयोगी है। उल्लेखनीय है कि आईएस 513 सीआर2के कोल्ड रोल्ड ड्राइंग क्वालिटी स्टील का उपयोग कई अलग-अलग उद्योगों जैसे व्हाइटगुड्स, ऑटोमोटिव, ड्रम और बैरल, हैंड और पावर टूल्स, लाइटिंग फिक्स्चर, ट्यूबिंग और रोल फॉर्मेड सेक्शन आदि में विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है।

उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि का यह इन-हाउस पहल निदेशक प्रभारी बी के तिवारी के दिशा-निर्देश में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) मनोहर लाल एवं महाप्रबंधक प्रभारी (सीआरएम- 1 एंड 2) विश्वजीत मिश्रा के मार्गदर्शन में आर एंड सी लैब के सदस्य महाप्रबंधक रतन मल्लिक, उप महाप्रबंधक डॉ. गदाधर साहू, वरिष्ठ प्रबंधक अरिजीत बनर्जी, प्रबंधक प्रिया पाठक, प्रबंधक जितेंद्र कुमार, प्रबंधक एसके घोष और उप प्रबंधक पीके रॉय की टीम ने कार्यान्वित किया। इस कार्य में सीआरएम 1 और 2 की और से महाप्रबंधक अरुण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक दिनेश कुमार, सहायक प्रबंधक राज अभिषेक और विकास कुमार, ऑपरेटिव मोहम्मद अशाइक आदि का भी अहम योगदान रहा।

## ब्लड शुगर और उच्च रक्तचाप ने लिया महामारी का रूप : डॉ श्रवण

संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा साांई कंप्यूटर सेंटर, जोधाड़ीह मोड में पीपीएच स्वास्थ्य अभियान के तहत शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, हाईट एवं पल्स जांच शिविर का आयोजन कराया गया। रोटरी चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारी असली पूंजी है। पूजा ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन शैली में इतना परिवर्तन आ गया है कि जीवन क्रिया में बदलाव के कारण हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ श्रवण ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। डॉ श्रवण ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में व्यक्ति शुगर अथवा उच्च रक्तचाप से ग्रसित होता है, पर उन्हें पता नहीं होता। क्योंकि, वह समय पर जांच नहीं करवाते हैं। डॉ श्रवण ने यह भी कहा 40 वर्ष और ऊपर के सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से साल में काम से कम दो बार रेगुलर बीपी और शुगर की जांच करवाते रहना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा ने कहा कि शुगर और ब्लड प्रेशर की बीमारी महामारी की तरह फैल रही है। अशोक तनेजा ने कहा कि यदि लंबा और सुखी जीवन जीना है तो दोनों बीमारियों पर कंट्रोल करना होगा। डॉ रविकांत ने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप को कभी जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। डॉ रवि ने कहा कि नियमित रूप से दवाइयां लेकर हम इन्हें कंट्रोल में कर सकते हैं।

# बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ जन जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता



बोकारो : बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के पाथुरिया तिरो स्थित उच्च विद्यालय में सहयोगिनी संस्था द्वारा ट्रैफिकिंग के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को ट्रैफिकिंग के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई। सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने बताया कि गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ स्कूलों तथा गांवो में यह अभियान चलाया जा रहा है। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के खिलाफ लोगों में जागरूकता के स्तर को बढ़ाना और इसकी बुराइयों से अवगत कराना है। यद्यपि पिछले एक दशक में देश में केंद्र और राज्य सरकारों ने बच्चों की ट्रैफिकिंग पर काबू पाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं लेकिन आम लोगों में जागरूकता की कमी के कारण यह प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों सहित झारखंड में बच्चों की ट्रैफिकिंग को रोकना दशकों से एक बड़ी चुनौती है। यद्यपि सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर प्रयासों के कारण ट्रैफिकिंग के मामले दर्ज होने की संख्या बढ़ी है। लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2021 के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर घंटे नौ बच्चे लापता होते हैं, जबकि रोजाना आठ बच्चे ट्रैफिकिंग के शिकार होते हैं। रिपोर्ट बताती है कि 2021 में देश 77,535 बच्चे लापता हुए जो 2020 के मुकाबले 31 फीसद ज्यादा है। हमें अपने परिवार गांव को सुरक्षित रखना है तो हमें सचेत रहना होगा। देश में बच्चों की ट्रैफिकिंग के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ह्लयह तथ्य कि आज ज्यादा से ज्यादा लोग बच्चों के लापता होने की जानकारी देने सामने आ रहे हैं, अपने आप में एक बड़ा बदलाव है। यह इस बात का संकेत है कि जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर हमने जो जागरूकता अभियान चलाया है, उससे लोगों की मानसिकता बदली है और सुखद नतीजे सामने आ रहे हैं। हालांकि सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियां पूरी मुस्तैदी से बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के प्रयासों में जुटी हुई हैं। लेकिन इस संगठित अपराध को देश से पूरी तरह खत्म करने के लिए एक कड़े एंटी-ट्रैफिकिंग कानून की सख्त जरूरत है। इस दौरान कॉमिक्स बुक्स के माध्यम से बच्चों को बाल तस्करी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक अशोक कुमार पाठक, सुनीता देवी, ब्रजेश कुमार, अनिता देवी, मोहन कुमार, अखिलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर आदर्श विद्या आश्रम ने पौधों को लिया गोद

**तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के पर्वतपुर स्थित आदर्श विद्या आश्रम का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के समीप सड़क किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए 20 पौधों को गोद लिया गया। निदेशक पीताम्बर रवानी ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन के उन्नति का आधार है। इस सुदूर क्षेत्र में विद्यालय का स्थापना से क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार हो रहा है। विद्यालय गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने के लिए प्रयासरत है। प्रधानाध्यापक जन्मेजय महतो ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से बीस पौधों को गोद लिया जा रहा है। अब से इन पौधों को हर परिस्थिति में बचाकर वृक्ष का रूप दिया जाएगा।

## छाई उड़ने से भुटकूरु के ग्रामीण परेशान



संवाददाता

**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड की खुंटरी पंचायत के भुटकूरु गांव स्थित पत्थर खदान में छाई फेंककर भर दिया गया है। लेकिन यह छाई अब गांव के लोगों के लिये आफत बन गई है, जहां हवा चलने से ही छाई भुटकूरु के लोगों के घरों में घुस रहा है। इतना ही नहीं, गांव के लोगों के घरों में खाने व पानी में भी छाई बैठ जा रही है, जिसके विरोध में गांव के लोगों ने प्रशासन का विरोध करते हुए नाराजगी जताई है। ग्रामीणों में सुखदेव महली, सूरज सिंह, सागर कुमार महली, प्रेम कुमार महली, भीम कुमार महली ने कहा कि कंपनी द्वारा खदान में छाई तो गिरा दिया गया है, लेकिन छाई के ऊपर अभी भी मिट्टी नहीं डाली गई है। जैसे ही इस गर्मी में तेज हवा चलती है, वैसे ही फ्लाई ऐश (छाई) लोगों के घरो में उड़कर आ रही है। इससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों को आंखों में जलन समेत कई तरह की बड़ी बीमारियां हो रही हैं। ग्रामीणों इलाकों का हाल बेहाल है। धूल और राख ने लोगों को बीमार कर दिया है।

## एक नजर

### पुलिस विभाग द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**गिरिडीह।** एसपी गिरिडीह के आदेशानुसार सोमवार को एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी निमियांघाट राणा जंग बहादुर सिंह एवं थाना प्रभारी डुमरी प्रिनन तथा दोनों थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारीगण के साथ गिरिडीह लोकसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेसर्स के तहत डुमरी थाना क्षेत्र के हरिजन टोला, बड़की बेरगी, सुईयाडीह, चालमो बरहमसिया एवं निमियाघाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मणटुण्डा,तेलियाटुण्डा एवं आसपास के क्षेत्रों में वहां के मतदाताओं को स्वतंत्र रुप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।वहीं मतदान के लिए जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया गया। सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई मतदाता मार्गदर्शिका पत्र दिया गया।मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा पढ़कर एवं पढ़वा कर बिना प्रलोभन के मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।साथ हीं सभी को इसका पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।जिसके फलस्वरूप मतदाताओ ने अपना मताधिकार का प्रयोग कर अपना बहुमूल्य मत दान करने का वचन दिया।

### मोटर यान में दुर्घटना बीमा पाने वालों को धनबाद में 8 जून को बेहतर अवसर



**धनबाद।** मोटर यान दुर्घटना बीमा पाने वालों को धनबाद में एक बेहतर अवसर प्राप्त होने जा रहा है। यहां आगामी 8 जून 2024 को एक दिवसीय मोटर यान दुर्घटना दावा संबंधी मुकदमे के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत लगाया जाएगा। इसके लिए धनबाद में तैयारी जोर शोर से चल रही है। मामले में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। इस आशय की जानकारी अधिकृत सूत्रों ने दी है। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में करायें। ताकि पक्षकारों को परेशानी ना हो और उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। बैठक के दौरान प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ढीले ढाले रवैया के कारण इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, प्रभाकर सिंह, सुजीत कुमार सिंह, डीसी अवस्थी, स्वयंभू, कुलदीप, नीरज विश्वकर्मा, एस एन मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, संजय कुमार सिंह, साकेत कुमार, अंजनी, अनुज, पारस कुमार सिंह तथा राकेश कुमार वी कंपनी के अधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित थे।

### भगवान गणेश एवं माता ऋद्धि सिद्धि के विवाह के साथ रुद्र महायज्ञ संपन्न

**चतरा।** शहर के लिपदा में चल रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन भगवान गणेश एवं माता ऋद्धि सिद्धि के विवाह के साथ ही संपन्न हो गया। इस दौरान मध्यप्रदेश सेंधवा से आए कथावाचक ललित जी नागर ने शिव पुराण में वर्णित प्रसंगों की सुंदर अदभुत व्याख्या कर कथा पंडाल में आए हुए श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने कथा वाचन में भगवान शंकर, शक्ति, ब्रह्मांड एवं युगों-युगों में घटित घटनाओं के बारे में भी अलौकिक ज्ञान पर प्रकाश डाला। इस कथा सागर में शिव बारात की झांकी निकाली गई। झांकी का अद्भुत दृश्य देखकर धर्म मानस श्रोताओं ने आनंद की अनुभूति की और शिव भक्ति में डूबे रहे। रुद्र महायज्ञ में नौ दिनों तक आयोजकों द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई थी। वहीं आचार्य बिनोद मिश्र एवं काशी से आए कर्मकांडी ब्राह्मणों ने यजमानों को वैदिक पूजा हवन करवाया। रुद्र महायज्ञ में झारखंड समेत बिहार, छत्तीसगढ़ के श्रद्धालूओं पहुंचे थे। रूद्र महायज्ञ के प्रायोजक शहर के जाने माने खंडेलवाल परिवार थे। खंडेलवाल परिवार चार दशक पहले चौत्र नवरात्र में स्वयं के खर्चे पर विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में यज्ञ करवाते रहे हैं।

# माले नेता ने कोडरमा-गांडेय के लिए चलाया जन संपर्क अभियान

संवाददाता

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में गांडेय प्रखंड के बरमसिया 2 पंचायत के कई गांवों का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया गया तथा कोडरमा और गांडेय से इंडिया प्रत्याशियों क्रमशः विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की गई।

इस दौरान माले नेता ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता को तबाही की दलदल में धकेला है। युवाओं को रोजगार और किसानों को उपज के बेहतर दाम के नाम पर ठगा है। मजदूरों से उनके श्रम कानूनों को छीनकर उन्हें तबाह किया।

जनता के अच्छे दिन के बजाय एक बुरे दिन ला दिए गए। श्री यादव ने कहा कि, कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा दोनों हीं सीट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे।

इसके लिए झामुमो, भाकपा माले सहित इंडिया के सहयोगी सभी दलों के नेता/ कार्यकर्ता रात-दिन एक करके लगे हुए हैं। मौके पर मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, रामजीत मुर्मू, श्याम किशोर हांसदा, विनय टुडू, राजू पासवान, मुन्ना मरांडी, बाबूराम मुर्मू, चरण मुर्मू, संतोष बेसरा, आनंद कु हांसदा, बबलू मरांडी, सुशील मुर्मू, बसंत देव हांसदा, कोरेसी हांसदा, कौलेश्वर हांसदा, अरविंद हांसदा, मोसो बेसरा, बालेश्वर हांसदा, महेंद्र टुडू, सोहन लाल मुर्मू, राजेंद्र टुडू, बुधन टुडू, गणेश मुर्मू, वकील हेंब्रम, राजवीर टुडू, हरिलाल मरांडी, रामकृपाल टुडू, मोहन लाल मुर्मू सहित अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।




## सुंदूरवर्ती क्षेत्र के बूथों का एसडीपीओ व बीडीओ ने किया निरीक्षण



संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के सुदूरवर्ती मेराल पंचायत के विभिन्न बूथों का पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, ऑबर्जवर, बीडीओ राहुल देव व थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी आदि ने मेराल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरकॉल व उच्च विद्यालय खेरा आदि बूथों में पहुंचकर भौतिक रूप से निरीक्षण करते हुए उपलब्ध मूलभूत सुविधा जैसे अवसान, बिजली, पानी एवं शौचालय आदि का आकलन किया। थाना प्रभारी श्री चौधरी ने निरीक्षण से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव से पहले सभी मतदाता केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

साथ ही पदाधिकारियों ने संबंधित केंद्र के बीएलओ व प्रधानाध्यापकों को कई अवश्यक दिशा निर्देश मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिए। निरीक्षण में स्थानिय मुखिया व प्रतिनिधि आदि शामिल थे।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त तीन युवक घायल एक गंभीर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ बिरहोर कॉलोनी के समीप सोमवार को बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। जबकि एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि नशे में धुत तीनों युवक बाइक से हजारीबाग की ओर से गिद्धौर आ रहे थे। तभी बिरहोर कॉलोनी के समीप तीखे मोड़ में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल युवकों में लोवागड़ा निवासी बुधन भुइयां का पुत्र ननकु भारती, सुकर भुइयां का पुत्र बबलू भारती व माथुर भुइयां का पुत्र राजेश भारती शामिल है। राजेश कि स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह व सुनील कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## भाजपा के पक्ष में सुनामी : चुन्नू कांत



संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व धनवार विधानसभा के प्रभारी चुन्नू कांत ने कहा कि भारतीय जनता में पार्टी के पक्ष में चुनाव को लेकर सुनामी है। सामने कोई प्रत्याशी नहीं है और न कोई दल है, जो भाजपा के आगे पीछे भी हो। जो स्थिति है उसमें बीजेपी इस बार 400 से अधिक सीटों से जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगी। उक्त बातें चुन्नू कांत ने यहां पार्टी बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहीं। इसके पूर्व पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता और मंडल के अध्यक्ष के साथ मंडल कार्यालय के प्रबंधन को लेकर चर्चा की। साथ हीं वहां बैठक कर चुनाव के आगे की रणनीति तय की?। कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए चुन्नू कांत ने कहा की एक-एक कार्यकर्ता बूथ पर लगे और चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदान करने में अपनी पूरी समर्थ लगा दे। यहां के चुनाव में तो जीत होगी। जीत तो होना तय है लेकिन जीत का अंतर इतना बड़ा हो कि कोडरमा लोकसभा का एक संदेश पूरे देश में जाए। इसी को देखते हुए उन्होंने कहा कि आगामी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी पर भी बैठक में चर्चा की गई ।बैठक में अन्य लोगों के अलावे मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा, प्रवेश यादव, मदन राय, विजय पांडेय, संजय राम, सुखदेव राम, सुबोध सिंह, मनोज राम, संदीप राय आदि लोग उपस्थित थे।

## जारंगडीह में उमंग व उत्साह के साथ किया गया प्रभु राम का राज्याभिषेक

संवाददाता

**कथारा।** जारंगडीह में नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस नवाहन परायण यज्ञ के नौवें दिवस पर सोमवार को अहले सुबह से हीं पूजा अर्चना व परिक्रमा को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ जारंगडीह यज्ञ स्थल पर जुटी जो सिलसिला देर वक्त तक चलता रहा। जंहा यज्ञ आचार्य पुरेन्द्र जी महाराज तथा पाठ कर्ता मधुरेश जी द्वारा विधिवत रूप से नौ दिवस का पाठ पूर्ण किया। इसी दौरान श्रद्धालु भक्त पूजा अर्चना के उपरांत परिक्रमा करते काफी संख्या में दिखे। नौ दिवसीय यज्ञ के नौवें दिन यज्ञ स्थल पर गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु भक्तों ने उत्साह व उमंग पूर्वक प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक किया। पूजा व परिक्रमा के क्रम में भक्तों ने उत्साह पूर्वक गगनभेदी जयकारे लगाए।

राज्याभिषेक के उपरांत महाप्रसाद के रूप में भण्डारे में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ के इस आयोजन में देश भर से मानस मर्मज्ञ और राम कथा के विद्वान अपनी ओजस्वी वाणी से रामकथा का रसपान करा रहे हैं। इसी क्रम में अयोध्या से पधारे मुख्य प्रवक्ता जगत गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज का प्रवचन सुनने को लेकर भारी संख्या में श्रोतागण जुट रहे हैं।

प्रवचन के दौरान उन्होंने रामराज पर चर्चा की। बताया कि राम राज समाज के सभी वर्गों के लोगों के एक साथ उपस्थित होने पर स्थापित हो सकता है। आगे उन्होंने बताया कि राम राज्य की विशेषता थी कि किसी भी पिता के सामने उसके पुत्र की मृत्यु नहीं होती थी। कोई दुखी नहीं था। सभी लोग धर्म का पालन करते थे। आज भी राम कथा मौलिक चिंतन के साथ के साथ समाज को जोड़ने का कार्य करती है।

वहीं अयोध्या से पधारे आचार्य शत्रुघ्न शरण जी महाराज तथा बाल विदुषी हर्शिका किशोरी जी ने भी श्रोताओं को रामकथा का रसपान कराया। साथ हीं बाल विदुषी हर्शिका किशोरी जी ने कथा के दौरान राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, दिप जला कर दिवाली मनाऊंगी भजन की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। यज्ञ को सफलता पूर्वक संचालित करने में यज्ञ कमेटी के सदस्यों की



## केबी कॉलेज बेरमो में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता

**कथारा।** जारंगडीह के के बी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवम अंचलाधिकारी कार्यालय बेरमो द्वारा संयुक्त रूप से प्रो० इंचार्ज प्रो० गोपाल प्रजापति की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने मेरा वोट मेरी पहचान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान मेरा अधिकार, पहले मतदान फिर जलपान, भारत देश महान है करना सबको मतदान है, वोट देना कर्तव्य भी अधिकार भी, लोकतंत्र मजबूत बनाकर भारत का करें उत्थान, डालें वोट बूथ पर जाएं लोकतंत्र का पर्व मनाएं, आओ लोकतंत्र का पर्व मनाएं वोट देकर अपना फर्ज निभाएं आदि के संदेश पोस्टर एवम स्लोगन के माध्यम से दिए। प्रो० इंचार्ज प्रो० गोपाल प्रजापति ने कहा कि देश के नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है। किसी भी व्यक्ति के प्रलोभन में न आकर अपनी सूझ बूझ से योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान करें। अंचलाधिकारी कार्यालय ने छात्र छात्राओं मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के अधिकार का समुचित उपयोग करने का संदेश दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव का पर्व के संदेश की बात रखी। कार्यक्रम पदाधिकारी एन एस एस डा० प्रभाकर कुमार ने कहा कि स्वस्थ एवम विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करनी चाहिए। सरकार निर्माण , स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है। यह भी कहा कि स्वयं सेवक मतदाता जागरूकता मे अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। लोगों से मिलकर निसपक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की बात रख रहे हैं। एन एस एस के स्वयसेवकों ने मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन और पोस्टर बनाया और युवाओं को उनके मतदान अधिकारों के प्रयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से संदेश देने वाले मे ईशा कुमारी, कोमल कुमारी, तस्लीम अख्तर, प्रथम कुमार, मो दिलबर, सुमीत कुमार सिंह, कुमकुम कुमारी, मिलन कुमार गुप्ता आदि रहे। छात्र छात्राओं को शपथ भी दिलवाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रो० इंचार्ज प्रो० गोपाल प्रजापति, डा० आर पी पी सिंह, डा० अरुण कुमार रॉय महतो, डा० प्रभाकर कुमार, प्रो० पी पी कुशवाहा, प्रो० संजय कुमार दास, अंचालाधिकारी कार्यालय से बिमल कुमार रजक और अमर कुमार, बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दास, बालेश्वर यादव, राजेश्वर सिंह आदि कॉलेज परिवार के सद्स्यों की उपस्थिति रही।




## 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनायेगा संपूर्ण विप्र समाज



संवाददाता

**बोकारो।** शुक्रवार, 10 मई 2024 को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई द्वारा संध्या 5 बजे से विशेष पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 5 स्थित मानसरोवर गार्डन, आशा लता के सभागार में किया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार की शाम सेक्टर 6 डी में बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर स्थित भगवान परशुराम मण्डप में एक बैठक का आयोजन संपूर्ण विप्र समाज के बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। श्री मिश्र ने विप्र बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। बैठक में संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल, संरक्षक पी एन पांडेय, संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला के सचिव शैलेन्द्र कुमार तिवारी, बीरेंद्र कुमार चौबे, अरुण पाठक, उग्रनाथ झा, बिमलेश कुमार पांडेय, सनोज चौधरी, अरविंद पांडेय, बबलू पांडेय, सुनील कुमार झा, मनोज कुमार पांडेय, विनय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के विकास कार्यो की होगी जीत : मोर्चा

संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता उपेन्द्र चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह क्रांति, प्रधान महासचिव नरेश महतो एवम मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नीलमणि पटेल ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि लोकसभा के इस चुनाव में जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यो पर मुहर लगायेगी और पूर्ण बहुमत से एनडीए सरकार को अपना समर्थन देगी। केवल बिहार हीं नही बल्कि देशभर में मोदी जी के विकास कार्यो की लहर है और लोकसभा के इस चुनाव में मोदी जी को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। मोर्चा नेताओ ने कहा कि एनडीए सरकार के तहत भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। पस्त पड़ चुकी विकास दर, भारी महंगाई और उत्पादन में कमी के बावजूद भी एनडीए सरकार ने ना सिर्फ मैक्रो-इकनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत किया। बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को विकास के पथ पर ले आई। यहीं कारण था कि भारत की जीडीपी विकास दर 7.4% हो गई, जो दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।

मोर्चा नेताओ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी जी की देन है कि देश के 18,000 गांवों में बिजली पहुंचाने का महत्वाकांक्षी मिशन तय किया गया। यह गांव आजादी के 7 दशक बाद भी अंधेरे में डूबे हुए थे।

इन गांवों मे बिजली पहुचाने के लिए गांवों का विद्युतीकरण तेजी से हो रहा है। यह काम बहुत ही पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है।

मोर्चा नेताओ ने आगे कहा कि इसके अलावे केन्द्र की एनडीए सरकार ने उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर फोकस करते हुए मेक इन इंडिया को आगे बढाया। साथ हीं युवाओं व किसानो के लिए भी कई उल्लेखनीय योजनाओं को लागू किया गया है जिससे इन वर्गो के विकास को मजबूती मिली है। मोदी जी के इन्हीं सब विकास कार्यो के बदौलत जनता एक बार फिर से उन्हे अपना जनसमर्थन दे रही है और बिहार मे एनडीए गठबंधन सभी सीट जीतने जा रही है। महागठबंधन का बिहार से इस बार खाता भी खुलना मुश्किल है। जनता राजद व कांग्रेस जैसी दलो के विकास विरोधी नीतियों को समझ चुकी है। इसलिए महागठबंधन का इस चुनाव मे हार तय है।




## मतदाता जागरूकता को लेकर कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिता, छात्राओं ने की मतदान की अपील

संवाददाता

**बेरमो।** लोकसभा चुनाव को लेकर हर स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 स्वीप के तहत छात्र-छात्राओं के माध्यम से भी वोटरों व उनके अभिभावकों को प्रेरित करता है। इस अभियान के तहत झब्बू सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज फुसरो में सोमवार को मतदाता जागरुकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यहां छात्राओं ने चुनाव संबंधित रंगोली, मेंहदी, पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, कविता सहित कई प्रकार के प्रतियोगिता कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। यहां प्रोफेसर दीपा कुमारी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए छात्राओं से कहा कि मतदान की महत्ता को समझते हुए अपने संपर्क में आने वाले सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।

बताया कि इस प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कॉलेज में ऐसे कई अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। मौके पर नोडल ऑफिसर सबिता कच्छप, प्रोफेसर फरहा नाज, शिक्षिका रुबी घोषाल, विद्या कुमारी, सुनीता देवी, स्वीटी कुमारी, मंजू कुजूर, छात्रा सुहानी, खुशबु, चित्रा, शिवानी, कनक, प्रिंयका, मुस्कान, अंजली, सपना, सुमन, कुमकुम आदि मौजूद थे।



## स्वीप एक्टिविटी के तहत फूड फेस्टिवल का आयोजन

# हजारों लोगों ने एक साथ मतदान करने की शपथ ली

संवाददाता

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेशानुसार रणधीर वर्मा स्टेडियम में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस दौरान झूमर नृत्य एवं रॉक बैंड शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व में निर्भीक होकर और बिना प्रलोभन के मतदान करने की शपथ दिलाई।

सभी दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन का फ़्लैश ऑन कर मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रॉक बैंड ग्रुप स्पंदन और झूमर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उपायुक्त ने तिरंगे रंग के बैलून उड़ाकर और 'वोट करेगा धनबाद' की दीपमाला प्रज्वलित कर समस्त जिले वासियों से मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।



दूसरी तरफ फूड फेस्टिवल में सोनोटेल होटल्स, न्यू बोम्बे स्वीट्स, चंपारण मीट हाउस, मधुलिका स्वीट्स, साउथ का तड़का, त्रीमूर्ति कैटरर्स सहित शहर के नामी गिरामी प्रतिष्ठान के 25 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। यहां भी लोगों ने विविध व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषिनी मुर्मू के अलावा डिस्ट्रिक्ट आईकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, निधी जैसवाल के अलावा हजारों की संख्या में जिला वासी मौजूद थे।

## प्रतिक चिन्ह आवंटन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता का आयोजन

**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अभ्यर्थियों के नाम वापसी और प्रतिक चिन्ह आवंटन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन दाखिल करने एवं 4 मई को स्क्रूटनी की प्रक्रिया के उपरांत 17 अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन प्रपत्र में स्वीकृति प्रदान की गई है एवं उन अभ्यर्थियों को प्रतिक चिन्ह आवंटित किए गए है जो निम्न है। मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी 1.जय प्रकाश भाई पटेल (कांग्रेस), प्रतीक चिन्ह,हाथ छाप। 2. मनीष जायसवाल (भारतीय जनता पार्टी), प्रतीक चिन्ह,कमल। 3. मो मोईन उद्दीन अहमद (बहुजन समाज पार्टी), प्रतीक चिन्ह,हाथी। रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी (मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के अतिरिक्त)।

## 162 बीएलओ व 16 बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ लोस चुनाव के निमित्त बैठक आयोजित



संवाददाता

**कुमारधुबी ।** एगयारकुंड प्रखंड के सभागार में सोमवार को नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा की अध्यक्षता में 162 बीएलओ व 16 बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। वही बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्विफ्ट कार्यक्रम 7 2024 को सोशल मीडिया महा अभियान का आयोजन प्रत्येक मतदान केंद्र पर किए जाने, बीएलओ को मतदाता सूचना पंजी का वितरण व मतदाता सूचना पर्ची का वितरण व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं के बीच जाकर करने तथा प्रत्येक दिवस को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण करने के पश्चात एब्सेंट,शिफ्टेड, डेथ, पुराने ईपीस वाले मतदाताओं की संख्या विहित प्रतिवेदन में बीएलओ पर्यवेक्षक को सौंपने, मतदाता सूचना पर्ची 355 बीएलओ के मूल हस्ताक्षर से निर्गत करने, आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए निदेशित किया गया।इस अवसर पर भीम रविदास, लालू रविदास, धीरेंद्र तिवारी, सलीम,माधव, पंकज कुमार सिंह ,सिमरन नाग,कालीचरण कुमार, मंसूर रहमान ,प्रमोद कुमार ,संदीप , पवन करण,संजय मंडल ,परवीन बानो ,रेणु प्रसाद, रजिया खातून ,इंद्रानी दत्ता, प्रतिभा बाउरी,सरिता देवी ,संगीता देवी सरस्वती ,मीलू घोष, प्रीति सहनी, श्रीदेवी, सावित्री बाउरी, रेखा बाउरी, आदि उपस्थित हुए।

## झारखण्ड के सभी लोकसभा सीट पर जीतेगी इण्डिया : जय प्रकाश भाई पटेल

**हजारीबाग ।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल सोमवार को गिरिडीह के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन सभा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता समेत इंडिया गठबंधन के कई कद्दावर नेता उपस्थित रहे। नामांकन रैली के दौरान कार्यकताओं एवं समर्थकों का जनसैलाब पड़ा। सभी गठबंधन के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगा रहे थे। खराब मौसम की चेतावनी के बावजूद समर्थकों के सैलाब को देख मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए।

# अवैध शराब बिक्री पर की गयी छापामारी

### अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री व भंडारण के आरोप में बीरेंद्र कुमार महतो व कृष्णा कुमार को गिरफ्तार किया

संवाददाता

**रामगढ़ ।** कुजू क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ एसपी रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है।

साथ ही पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के बाद एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम ने बरमसिया के बीरेंद्र कुमार महतो पिता मुनेश्वर महतो की करमा बाजार स्थित पान दुकान व दिगवार के कृष्णा कुमार पिता धनेश्वर महतो के होटल में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 47 बियर बोतल 650 मि.ली, 11 केन बियर 500 मि.ली.,23 बोतल ब्लैक हार्स व्हिस्की 750 मि.ली.,2 बोतल 8पीएम विस्की 750 मि.ली, 2 बोतल 375 मि.ली, 7 बोतल 180 मि.ली, 1 बोतल मैक्डोवल्स 750 मि.ली, अंग्रेजी शराब 7 बोतल 375 मि.ली व 23 बोतल 180 मि.ली,2 बोतल रायल स्टेग 180 मि.ली, 2 बोतल आइकोनीक व्हाईट, 3 बोतल बी सेवन 375 मि.ली, 17 बोतल 180 मि.ली की जब्त की है। साथ ही बरामद शराब से संबंधित वैध कागजात की मांग पर कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री व भंडारण के आरोप में बीरेंद्र कुमार महतो व कृष्णा कुमार को गिरफ्तार किया। मामले में दोनों लोगों के विरुद्ध मांडू कुजू थाना कांड संख्या 115/24 के तहत धारा- 272/273 भादवि व 47 ए एक्साइज एक्ट अंतर्गत केस दर्ज किया गया।

## मां राधिका इन्टरनेशनल स्कूल का किया गया निरीक्षण

संवाददाता

**बलियापुर ।** उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार प्रखण्ड विकास प्रदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा प्रखण्ड अन्तर्गत आमटाल पंचायत में स्थित माँ राधिका इन्टरनेशनल स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि दो दिन पूर्व विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के द्वारा यह शिकायत की गई थी कि झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक क्लास बंद करने संबंधी निदेश देने के बावजूद भी राधिका इन्टरनेशनल स्कूल के प्रबंधक के द्वारा क्लास चलाया जा रहा है। जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों का अत्यधिक



गर्मी के कारण तबीयत खराब हो रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक क्लास चालू पाया, जिसमें बच्चे पढ़ रहे थे। तत्काल सर्वप्रथम कक्षा बंद कराते हुए सभी बच्चों को उनके घर भेजा गया। विदित हो कि विभागीय ज्ञापांक- 58/स०को० राँची 29.04.2024 के द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक की कक्षाएँ अगले आदेश तक स्थगित की गई है।इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका स्वाति पाण्डेय और डायरेक्टर डॉ आर०एन० चौबे से बात की गई। बातचीत के क्रम में स्कूल संबंधी दस्तावेजों की माँग की गई। दस्तावेजों के माँग करने पर उनके द्वारा बताया गया कि विद्यालय संचालित करने से संबंधित कोई दस्तावेज उनके पास नहीं है। विद्यालय प्रबंधन से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि कक्षा 7 तक विद्यालय जनवरी 2024 से संचालित है। जबकि जांच के क्रम में उपस्थिति पंजी से यह पता चला कि विद्यालय वर्ष मार्च 2022 से हीं चल रहा है। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तक के बच्चे पढ़ रहे हैं। अभी तक विद्यालय प्रबंधन के द्वारा न तो एफीलिएशन के लिए आवेदन किया गया है और न ही झारखण्ड सरकार के विभाग से यूडाइस लिया गया है। विद्यालय में लगभग 150 से अधिक बच्चें पढ़ रहे हैं।

## रेनबो 2024 का समापन मेगा नाइट के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद ।** प्रयास इंडिया बी०आई०टी० सिंदरी के द्वारा आयोजित पिछले एक सप्ताह से चले आ रहे रेनबो 2024 का समापन आर्य समाज के ग्राउंड में अंतिम कार्यक्रम मेगा नाइट के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से हुआ। ज्ञातव्य हो कि प्रयास इंडिया बी० आई० टी० सिंदरी के विद्यार्थियों द्वारा चलाई जाने वाली एक गैर सरकारी संस्था है जो सिंदरी के आसपास के ग्रामीण इलाकों की जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो० डॉ० घनश्याम चेयरमैन करियर विकास केंद्र बी०आई०टी०सिंदरी एवम विजय मिश्रा सहायक मैनेजर, कल्यांवेश्वरी टासरा एवम माइनिंग प्रोजेक्ट मौजूद थे। जिन्होंने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रूप से शुरूवात की। प्रयास इंडिया में अध्यनरत विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के नृत्य,गाना एवम नाटक का आयोजन किया गया, जो मनोरंजन का मुख्य केंद्र रहा। उपस्थित मुख्य अतिथि प्रो० डॉ० घनश्याम चेयरमैन करियर विकास केंद्र,साथ हीं डॉ० राजीव कुमार वर्मा भी उपस्तित थे। बी०आई०टी०सिंदरी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रयास इंडिया के सभी स्वयंसेवकों की भूरि -भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रयास इंडिया समाज के लिए जो कार्य कर रही है, वह बहुत हीं प्रशंसनीय है।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**सिन्दरी ।** हर्ल परिसर सिंदरी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत कम्पनी में कार्यरत सभी कर्मचारियों को वोट जरुर डालने की शपथ दिलाई गई। मौके पर मौजूद प्लांट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक ने वोटर जागरूकता को लेकर अपने वोट की कीमत को बताया।

शपथ ग्रहण कराते हुए एचआर हेड संत सिंह ने सभी कर्मचारियों को वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने मतदान केंद्र पर वोट डालने जरुर जाए।

तत्पश्चात मतदान जागरूकता अभियान के तहत एक रैली भी निकाली गई। रैली व कार्यक्रम में हर्ल कर्मचारी सहित सभी निविदा कर्मी भी मौजूद रहे।

## ऑफिसर्स क्लब भौरा के प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक हुई

संवाददाता

**भौरा ।** माननीय सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में ऑफिसर्स क्लब भौरा के प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सुबोध सिंह ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई माननीय झरिया विधायक ने रघुकुल यूथ ब्रिगेड के उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर भारी से भारी मतों से विजई बनाने की अपील की तथा रघुकुल समर्थकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने माननीय विधायक की मौजूदगी में रघुकुल का दामन थामा। विधायक ने सभी को फूल माला भेट कर स्वागत किया। रघुकुल यूथ ब्रिगेड में शामिल नए लोगों में कमल सिंह, शुभम रवानी, रवि रजक, तारा कुमार मोहली, शबीर अंसारी, नसीर



खान, शकील अंसारी, इकबाल अंसारी, आबिद अंसारी, इफ्तिकार अंसारी प्रमुख हैं। साथ हीं 11 मई को भौरा बड़ा बंगला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी की उपस्थिति में होने वाली विशाल सभा के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश रजक, अभिषेक सिंह, चंद्रावती देवी तथा निवर्तमान पार्षद चंदन महतो ने संबोधित करते हुए माननीय विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने का आह्वान किया।।बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, शेख अमजद, बबलू दुबे, सुनील पासवान, हरेंद्र यादव, विक्की रवानी, मो० आलम, राजीव सिन्हा, राजू यादव, रोहित विश्वकर्मा, गुलशन सरकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीसी ने की सामान्य प्रेक्षक से औपचारिक मुलाकात



**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव के लिए धनबाद पहुंचे सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची (आई.ए.एस.) से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सर्किट हाउस में औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सामान्य प्रेक्षक का स्वागत किया। मुलाकात के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त से वातालर्प किया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, सहायक आयुक्त उत्पाद संजय मेहता व जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद थे।

# जनता का जीना मुहाल हो चुका है : अनुपमा

### संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं हैं

संवाददाता

**सिन्दरी ।** धनबाद झारखंड राज्य का एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और चौबीस जिलों में से एक जिला है। धनबाद जिले का प्रशासनिक मुख्यालय भी है। इस क्षेत्र में व्यापक कोयला खनन उद्योग के कारण धनबाद को भारत की कोयला राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। धनबाद इस क्षेत्र के सबसे पुराने और सबसे बड़े बाजारों में से एक है और यह



बड़े पैमाने के उद्योगों का केंद्र भी है। यह कोयला खानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए जाना जाता है। घनबाद लोकसभा सभा चुनावों में 8 लोकसभा चुनाव में 7 बार भाजपा जीत चुकी है। 2004 में भाजपा की पुर्व सासंद प्रो० रीता वर्मा को पुर्व सासंद चंद्रशेखर दुबे के द्वारा हराया गया था। भाजपा के द्वारा घानाबाद संसदीय क्षेत्र महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। शिक्षित बेरोजगारों को कार्य नहीं मिल रहा है। व्यवसाई वर्ग को धमकी मिल रही है । धीरे-धीरे सभी पलायन कर रहे हैं । धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी व बीजेपी उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर निशाना साधा है। अनुपमा ने कहा कि संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं हैं। वह तो कभी ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को देखना भी नहीं पसंद करेंगी। मेरा चुनाव लड़ने का निर्णय सिर्फ ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को रोकने के लिए है। ढुल्लू महतो अनुपमा सिंह के लिए कोई भी चुनौती नहीं अनुपमा ने बीजेपी को भी आड़े हाथों लिया।उन्होंने कहा कि इतने सालों से धनबाद में बीजेपी ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि धनबाद के लोगों की बेबसी का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि ना ही यहां सुचारू सड़क की व्यवस्था है और ना ही मूलभूत चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई अच्छा अस्पताल है। जनता के हित से जुड़े कई मुद्दे आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं। अनुपमा का दावा है कि उन्हें धनबाद के लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्हें विश्वास है कि इस चुनाव में वो जीत का पताका फहराकर रहेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस ने जो काम किया, उसे बीजेपी ने चंद वर्षों में बर्बाद कर दिया है। जनता का जीना मुहाल हो चुका है।

## अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन 7 मई को नामांकन पत्रों की स्कुटनी

संवाददाता

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची निर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे। मोहम्मद एकलाक अंसारी, तुलसी महतो, निताई दत्ता, हीरा लाल शंखवार, मोहम्मद फैसल खान, मोहन सिंह, मोहम्मद तफाजुल हुसैन, अकबर अली, त्रिदेव कुमार महतो तथा गौतम कुमार महतो ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्कूटनी शुरू की



जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## सुभाषितम्

**उत्तम पुरुषों की संपत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो। - रहीम**

## कार्यकर्ता निष्क्रिय, मतदाता मौन

2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र तक ले जाने में सबसे बड़ी भूमिका, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन और भाजपा संगठन की रही है। इस कारण 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में हर बार से ज्यादा मतदान हुआ। 2024 में यह स्थिति बदली हुई दिख रही है। इसका मुख्य कारण, भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन के कार्यकर्ता इस बार निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। निष्क्रियता का एक बड़ा कारण भारतीय जनता पार्टी में अन्य दलों के नेताओं और कार्यकताओं को शामिल किया जाना है। दरअसल 2024 लोकसभा चुनाव के पहले ओर लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को भाजपा में प्रवेश दिया जा रहा है, उसके कारण भाजपा संगठन और आनुवंशिक संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैरान हैं। अन्य दलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं का भाजपा की विचारधारा से कोई लगाव नहीं होता है। इसके बाद भी बाहर से आए हुए नेताओं को महत्वपूर्ण पदों से नवाजा जा रहा है। भाजपा के लिए अब सत्ता ही एक विचारधारा बनकर रह गई है। भाजपा में बाहर से आए हुए अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं पर आरोप है कि वो अपने साथ गंदगी लेकर आ रहे हैं। इस कारण संगठन के नेता और कार्यकर्ता मायूस होकर घर बैठ गए हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा संगठन को पूरी तरह से प्रोफेशनल कंपनी की तरह संचालित किया जा रहा है। जो भाजपा के नेता सत्ता की कुर्सी पर विराजमान हैं। उनका भाजपा संगठन के साथ कोई लगाव नहीं रहा है। जब चुनाव आते हैं, तब पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं को एकत्रित कर रैली, जनसभाओं में भीड़ लाने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर बाकायदा भुगतान भी किया जाता है। दूसरी तरफ भाजपा संगठन और संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता और प्रचारक हैं जो लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे है। उनसे केवल बंधुआ मजदूर की तरह काम लिया जाता है। अपने ही संगठन में वह उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता है, कि जिस विचारधारा के साथ जुड़कर वह कई पीढियों से संघ और भाजपा को सेवाएं देते आ रहे हैं। उस पर अब प्रोफेशनल का कब्जा हो गया है। सत्ता का लाभ उन्हें ही मिल रहा है। ऐसी स्थिति में वह कोई विरोध तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन मतदाताओं से संपर्क रखने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के काम में अब उनकी कोई रुचि नहीं रह गई है। देशभर में भाजपा के 10 लाख से अधिक पदाधिकारी, जिनमें संभागीय जिला, ब्लॉक के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख चुनाव कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। यही वर्ग सबसे ज्यादा इस बात से नाराज है, कि बाहर से इतने सारे नेताओं को उनके सिर पर लाकर क्यों बैठाया जा रहा है। इसी तरह से अनुवांशिक संगठनों से जुड़े हुए पदाधिकारी और प्रचारक भी शांत होकर इस चुनाव में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। पश्चिम बंगाल और केरल में कम्युनिस्ट पार्टी का एक संगठन काम करता है। कांग्रेस का संगठन देशभर में निष्प्रभावी होकर रह गया है। जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, उनका नेटवर्क जरूर मजबूत है। देश के सभी राज्यों में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका भाजपा संगठन और संघ के अनुवांशिक संगठनों की रही है। उसमें निराशा का भाव आ गया है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई का जवाब कार्यकताओं के पास नहीं है। मतदान कम होने से सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही होता हुआ दिख रहा है। हाल ही में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कार्यकर्ताओं की इस व्यथा को खुलकर बताया है। उनका कहना था, इंदौर में जिस तरह से कांग्रेस उम्मीदवार को भाजपा में प्रवेश दिया गया है। उसकी कोई जरूरत नहीं थी। इंदौर में भाजपा उम्मीदवार आसानी से चुनाव जीत रहा था। भाजपा और संघ से जुड़े अनुवांशिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के फोन उनके पास आ रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### भय को निकालें

**जब क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिधि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा। एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछ दिन बाद ही आया और पूछा- भाई! अब डर तो नहीं लगता? उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया। जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है। हमारे जीवन के संचालन के केन्द्र में जो तत्व है, वह है लोभ। मनोविज्ञान के अनुसार हर व्यक्ति में कुछ मौलिक मनोवृत्तियां होती हैं। जीने की इच्छा भी इसी में एक है।**

## आज का राशिफल

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**मिथुन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।
**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।
**सिंह :** "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।
**कन्या :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।
**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।
**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।
**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।
**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।
**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।
**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

# मतदान के लंबा होने से महारथी पशोपेश में



गिरीश्वर मिश्र

इस बार देश में चल रहा चुनावी महाभारत कुछ ज्यादा ही लम्बा खिंच रहा है और कई महारथी पशोपेश में पड़ते दिख रहे हैं। सेनापतियों पर शामत आ रही है कि वे अपनी-अपनी सेना को कैसे संभालें? तेज गर्मी और लू के मौसम में महीने भर से कुछ ज्यादा चलने वाले गणतंत्र के इस लोक-उत्सव में राजनीतिक पार्टियों को बीच-बीच में सांस लेने का अवसर मिल पा रहा है यह कुछ राहत की बात है। पर 'स्टैमिना' बनाए रखने के लिए जरूरी राजनीतिक दांवपेंच कम पड़ रहे हैं और कई दलों की तैयारी कुछ ढीली पड़ती नजर आ रही है। बेहद बुजुर्ग हो रहे नेताओं को कमान संभालने में थकान भी जाहिर है पर अगली (या दूसरी) कतार के नेता ज्यादातर बयानबाजी में मशगूल हैं। चूंकि बहुत से नेता ऊपर से थोपे हुए हैं उनकी जन-रुचि बेहद सतही होती है और उनके खोखले हो रहे जन-लगाव की पोल जल्दी ही खुलती जाती है। ऐसे में नेतागण पर थोड़ी देर के लिए ही सही सार्थक प्रयोजन खोजने का दबाव और बेचैनी बढ़ती जा रही है। इस प्रयास में वे तथ्यों को तोड़मोड़ कर और इतिहास की यथेच्छ प्रस्तुति और व्याख्या करने में जुट जाते हैं। अपने सामने वाले को पटखनी देने, कमजोर साबित करने और वोट काटने के लिए नए-नए पैंतरे ढूढते रहना उनके लिए मजबूरी हो गई है। सत्तारूढ़ दल एक दशक तक का रिपोर्ट कार्ड पेश कर आर्थिक प्रगति, समाज के उपेक्षित जनों के लिए सुविधाओं का विस्तार, आईआईएम, आईआईटी और एम्स जैसी संस्थाओं का निर्माण, स्वदेशी उत्पादन और निर्यात में वृद्धि, कश्मीर के मसले में प्रगति, राम मंदिर निर्माण, एक्सप्रेस-वे का विस्तार आदि को अपने हिस्से की उपलब्धि के रूप में पेश कर रहा है। जनता भी बदलाव महसूस कर रही है। पर यह भी हकीकत है कि संसद में सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए प्रतिपक्ष भी होना चाहिए। चुनावी मौसम आने पर मजबूत सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए कई विपक्षी दलों का एक गठबंधन 'इंडी' खड़ा हुआ। इंडी में शुरू से ही आपसी सहमति और संवाद का अभाव बना रहा है। चुनाव के बीच राजनीतिक पार्टियों के बीच जिस किसी तरह बना सहयोग अभी तक इस अर्थ में बहुत हद तक दिशाहीन है कि साझे का कोई एक फामूर्ला नहीं बन सका है और न कोई दृष्टि ही पनप सकी है।


राष्ट्र की जगह दलों की अपनी निजी क्षेत्रीय सत्ता की सुरक्षा पहली वरीयता है। उनका भविष्य वहीं पर है इस सच्चाई के साथ वे समझौता नहीं कर पा रहे और बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इस तरह एक विलक्षण प्रकार का सहयोग और कलह का मिला जुला नक्शा उभर रहा है जिसके तहत इंडी की सहयोगी पार्टियों के बीच आपसी समझौते पूरे देश के लिए नहीं बल्कि सीमित और क्षेत्र-विशेष तक चुकने लगे। इसका परिणाम है वे ही दल एक जगह अगर एक दूसरे के विरोधी हैं तो दूसरी जगह सहयोगी हैं। बंगाल इसका प्रमुख उदाहरण है। बिखरे होने के कारण समवेत रूप से विरोधी दलों का कोई ठोस कार्यक्रम नहीं बन पा रहा है। इंडी के सभी सदस्य दलों के अपने-अपने मंसूबे हैं और इंडी के संगठन के प्रति या देश के प्रति निष्ठा को लेकर दलों में किसी तरह की गंभीरता नहीं आ पा रही है।

इसका एक बड़ा कारण उन दलों की वे अंदरूनी कमजोरियां भी हैं जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला में शिक्षामंत्री जेल में हैं, करोड़ों की नकदी उनसे मिली और अब पचीस हजार शिक्षकों की नौकरी पर बन आई है। साथ ही वहां की सत्तारूढ़ टीएमसी का दूसरे दलों के साथ स्थानीय अंतर्विरोध भी है जो अन्य दलों से जुड़ने में बाधा पहुंचा रहा है। कांग्रेस का जोर संविधान के लिए खतरे का आगाज, ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग, आरक्षण की ऊपरी सीमा को बढ़ाने, अल्पसंख्यक हितों की रक्षा, सेकूलर दृष्टि अपनाने और बेरोजगारी पर है। नेताओं के भाषण सुनने पर यह बात साफ हो जाती है कि राजनीति की भाषा अटपटी होती जा रही है। सामाजिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह नेता को जिताने और उसके एवज में कुछ लाभ देने तक सारी बातचीत चुक जाती है। हां, यह जरूर हुआ है कि आपसी असहिष्णुता बढ़ रही है और एक-दूसरे के प्रति आदर और सम्मान की जगह अपमानजनक और चिढ़ाने वाली भाषा के उपयोग की ओर नेताओं की रुझान बढ़ रही है। आए दिन चुनावी हिंसा की वारदात भी सुर्खियों में होती हैं। राजनीतिक निर्णयहीनता को 'सरप्राइज' का पूर्वरंग कहा जा रहा है।

कुल मिला कर किसी प्रत्याशी की विजय की संभावना ही चुनावी रण में खास बात होती है। उसकी पात्रता पर विचार को छोड़ जीत दिलाने वाले प्रत्याशी की तलाश में सभी दल जुटे रहते हैं। चुनाव के दौरान होने वाली घटनाओं के जरिए जो इतिहास बन रहा है वह भी अपना अतिरिक्त असर डाल रहा है। लोग एक पार्टी छोड़ दूसरी पार्टी का दामन पकड़ रहे हैं और टिकट बटोर रहे हैं। ऐसे नए नेताओं की संख्या भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है जिन्हें उनकी पार्टी का नेतृत्व पिछली पीढ़ी से उत्तराधिकार में तश्तरी में पेश कर उपहारस्वरूप सौंप दे रहा है। पारिवारिक पार्टियां अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ा कर मैदान में उतार रहीं हैं। साथ में राजनीतिक पार्टियों से भेद और जुड़ाव के चलते ही भाईझभाई, पति-पत्नी, और ननद-भाभी आमने-सामने खड़े हो रहे हैं।

इनमें बहुतेरे जन और जन के मन से वाकिफ नहीं होते हैं । चूंकि उनके लिए राजनीति स्वयं उनकी अपनी अर्जित की हुई नहीं रहती उनकी सफलता के लिए सिर्फ पिछली पीढ़ी की साख का ही भरोसा रहता है जो कभी चल जाता है तो कभी नहीं। इस सिलसिले में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की नीति की अस्थिरताओं और वरीयताओं का जिक्र जरूरी है। इस वजह से उसके अपने प्रत्याशियों का आत्मविश्वास डावांडोल होता सा दिख रहा है। ताजे घटनाक्रम में लोकसभा के दो कांग्रेसी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया और एक ने आर्थिक सहायता के अभाव में चुनाव न लड़ने का फैसला लिया और टिकट वापस कर दिया। दिल्ली में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। कांग्रेसी-प्रचार तंत्र अपनी न्याय-यात्रा और अपनी संभाव्य सरकार के लिए घोषणाओं में अनेक सुविधाओं की बारिश करने का वादा जरूर करता है।

# मोदी राज में ही हुआ है मुसलमानों का सही विकास



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा भारत में मुसलमानों की स्थिति की तुलना तानाशाह एडॉल्फ हिटलर के दौर में जर्मनी में यहूदियों से की जा रही है। ओवैसी अपने भाषणों में कह रहे हैं, आज के भारत में मुसलमानों की स्थिति वैसी ही है जैसी स्थिति 1930 के दशक में हिटलर के दौर में यहूदियों ने देखी या अनुभव की थी। गैस चैंबर आखिरी पड़ाव था, उससे पहले फिल्में बनती थीं, नफरत फैलाने वाले भाषण होते थे, इसकी एक पूरी प्रक्रिया थी। चुनाव जीतने के लिए मुसलमानों को घुसपैठिया कहा जा रहा है। हिटलर भी यहूदियों के लिए यही कहता था कि वे मूल जर्मन नहीं थे।

वस्तुतः असदुद्दीन ओवैसी के नफरती भाषण की तरह ही कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन के कई नेता मुलसमानों के विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार को घेर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी की नजरों में मुसलमानों के अपराधी हैं। किंतु क्या वास्तविकता में ऐसा है? देखा जाए तो हकीकत इसके उलट है। विकास के आंकड़े खास तौर पर मुसलमानों को लेकर बता रहे हैं कि उनका हर तरह से विकास मोदी युग के भारत में संभव हुआ है, जोकि इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। पहले पांच साल में मोदी सरकार ने इस समाज के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की अलग-अलग योजनाएं शुरू की थीं। सरकार ने कानून बनाकर तीन तलाक को खत्म किया। हज कोटे को दो लाख तक बढ़ाया गया था। इसके बाद तो जैसे एक के बाद एक नई योजनाएं एवं कार्य मुस्लिमों के हक में मोदी सरकार द्वारा किए जाने की झड़ी सी लगते हुए देखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, उस्ताद योजना, मुद्रा योजना समेत जितनी भी योजनाएं केंद्र सरकार की चल रही हैं उसका सबसे ज्यादा लाभ जनसंख्यात्मक आंकड़ों में मुसलमानों को ही मिला है।

उड़ान योजना में सरकार ने मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई है। इस स्कीम के तहत घर में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले मुसलमान विद्यार्थियों को 1500 रुपये और बाहर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को 3000 रुपये दिए जा रहे हैं। शादी शगुन योजना के तहत ग्रेजुएशन करने वाली मुस्लिम लड़कियों को 51000 रुपये की राशि शादी शगुन के तौर पर देने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार की एक उस्ताद योजना है जोकि मुस्लिम कारीगरों को और ज्यादा एक्सपर्ट बनाने के लिए उन्हें ट्रेनिंग देने का काम करती है। इसके तहत कारीगरों को मुसलमानों के पारंपरिक कला और हस्तकला को धार देने के लिए कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित करने का काम किया जा रहा है। इस दृष्टि से एक योजना सीखो और कमाओ योजना को भी देखा जा सकता है। मोदी की सरकार ने मुस्लिम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से इस स्कीम को शुरू किया है। मुस्लिम युवाओं को कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रोत्साहित करने के साथ ही प्रशिक्षित 75 प्रतिशत मुस्लिम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की अनिवार्यता इसमें रखी गई है। ईदी योजना पर कोई बात नहीं करता, किंतु केंद्र की मोदी सरकार पांच करोड़ मुस्लिम विद्यार्थियों को 'प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति' देने का कार्य इसके अंतर्गत होता है। इस योजना में खास बात यह है कि योजना का लाभ उठाने वाले में 50 प्रतिशत मुस्लिम छात्राएं ही होती हैं। योजना मुसलमानों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू की गई है।

केंद्र की मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बजट की राशि बढ़ाई है। तीन तलाक का दंश झेल रही मुस्लिम महिलाओं को कानून बनाकर उन्हें बराबर का हक दिलाने का काम मोदी सरकार के रहते ही पूरा हो सका है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने मुसलमानों के लिए सऊदी अरब से आग्रह कर न सिर्फ हज का कोटा बढ़वाया बल्कि उस पर लगने वाली जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। वह नरेन्द्र मोदी की सरकार ही है, जिसके केंद्र में रहते छह लाख से अधिक वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के कागजातों का डिजिटलीकरण करवाने का काम पूरा हो सका है। ऐसे ही मुस्लिम विकास के जुड़े मोदी युग के अन्य भी तमाम आंकड़ें मौजूद हैं। यदि यहां इसके बारे में लिखने जाएंगे तो एक लाख शब्द भी कम हैं।

यहां मुलसमानों के हक में केंद्र सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का 15 सूत्री कार्यक्रम का जिक्र करना भी अनिवार्य लगता है। जिसमें एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालयीन शिक्षा की उपलब्धता को सुधारना, उर्दू शिक्षण के लिये और अधिक संसाधन, मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण, अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के माध्यम से शैक्षिक अधोसंरचना को उन्नत करना, गरीबों के लिए स्वरोजगार एवं मजदूरी रोजगार योजना, तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल का उन्नयन, आर्थिक क्रियाकलापों के लिए अभिवृद्धित ऋण सहायता, राज्य एवं केंद्रीय सेवाओं में भर्ती, ग्रामीण आवास योजना में उचित हिस्सेदारी, अल्पसंख्यक समुदायों वाली मलिन (गंदी) बस्तियों की स्थिति में सुधार, सांप्रदायिक घटनाओं की रोकथाम, सांप्रदायिक अपराधों के लिये अभियोजन, सांप्रदायिक दंगों के पीड़ितों का पुनर्वास को प्रमुखता से रखा है।

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी का एक साक्षात्कार मीडिया में आया, उसमें प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक का क्या भविष्य है, इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर बताया भी कि कैसे भारत में रहने वाले धार्मिक माइक्रो माइनॉरिटी तक दुनिया में अन्य जगहों पर उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद, उन्हें भारत में एक सेफ हैवन मिल गया है। वे खुशी से रह रहे हैं और समृद्ध हो रहे हैं। वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी जो कह रहे हैं, उसकी सच्चाई यह है कि इस्लामिक मामलों के जानकार डॉ. फैयाज अहमद फैजी, राजनीतिक विश्लेषक अमाना बेगम अंसारी जैसे अनेक विद्वान एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो यह खुले मन से स्वीकारते हैं कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि मुसलमान मतदाता भाजपा को लेकर आशंकित रहते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 10 साल के शासनकाल में मुसलमानों ने यह देखा है कि उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का ठीक उसी प्रकार लाभ मिल रहा है, जैसे कि हिंदुओं या समाज के किसी अन्य वर्ग को मिल रहा है।

# 'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'



सुरेश हिंदुस्तानी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है।

कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है।

ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढ़ेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी। वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको उम्मीदवार घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा।

## दैनिक पंचांग

**07 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.52 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मिथुन | 07.50 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.04 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.20 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.32 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.43 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.57 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.19 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.05 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 02.38 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.08 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 128 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 11.41 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 15.32 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 20.59 बजे को समाप्त। **करण** शकुनि 11.41 बजे तदनन्तर चतुष्पद 22.15 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 54'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871972
**जूलियन दिन** 2460437.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 27
**विशेष** दर्श अमावस्या, रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

# निस्तारण में अधिवक्ता की अहम भूमिका : नीरज



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 13 जुलाई को आहूत राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर सोमवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने बेसम मे एमएसीटी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। उन्हें कई सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है। साथ ही अधिक संख्या में लोगों को इसके माध्यम से त्वरित लाभ मिले कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले निस्तारण में अधिवक्ता जितना दिलचस्पी दिखाएंगे उतना अधिक मामले निपटेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामले निस्तारण में अधिवक्ता की भूमिका अहम होता है। अधिवक्ता गण अपने मुव्वकिल को मामले निस्तारण के प्रति जागरूक करे। ताकि अधिक से अधिक मामले राषटीय लोक अदालत में निपटाए जा सके। उन्होंने बीमा कम्पनी व एम ए सीटी केस से जुड़े अधिवक्ता को एक सूची बनाकर देने को कहा।

उन्होंने कहा कि जो थोड़ा प्रयास करने से मामले निपट सकते हैं उसके प्रायरिटी बिशेष के तौर पर निपटारा कराये। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष को चाहे वे इन्सुरेंस के तरफ से काम करने वाले अधिवक्ता है या क्लेमेंट के अधिवक्ता दोनो मिल बैठकर मामले निस्तारण का एक रास्ता निकाले ताकि जल्द से जल्द क्लेमेंट को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष को कोई दिक्कत या समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से मिल कर अपनी बात रखे। बिदित हो कि पलामू जिले में एमएसीटी के 292 केस न्यायालयों में लम्बित है।

# अंगूर लड़े ट्रक ने हाईवा में मारी जोरदार टक्कर, दो लोगों की मौत, एक घायल



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव स्थित एनएच 98 फोरलेन पर सोमवार की दोपहर करीब 12:30 बजे ब्रेकडाउन होकर 24 घंटे से खड़ी हाइवा ट्रक बीआर 24 एल 3996 में तेज गति से छतरपुर की ओर से आ रही अंगूर लदे माल वाहक ट्रक एमएच 40 सीटी 3031 में पीछे से टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर के कारण ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में ट्रक के चालक व उप चालक का शव ट्रक में हीं फंसा हुआ है। जबकि ट्रक पर सवार फल व्यवसायी वैभव लक्ष्मी सिटी महाराष्ट्र निवासी रौशन शर्मा 38 वर्ष ट्रक का गेट टूटने के कारण दूर जा गिरा। उसका बांया पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते हीं हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सदलबल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रक में फंसे चालक बिहार राज्य के बेगूसराय निवासी 55 वर्षीय जुबेर आलम, उपचालक मध्य प्रदेश राज्य के शिवनी निवासी 22 वर्षीय राज के शव को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। परंतु ट्रक का अगला हिस्सा हाईवे में बुरी तरह से फंसा हुआ है। जिससे जेसीबी तथा पे लोडर के घंटों प्रयास करने के बाद भी शव नही निकाला जा सका। बाद में गैस कटर से ट्रक का अगला हिस्सा काटने के बाद शव को बाहर निकाला गया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि अंगूर लदा ट्रक तेज गति से एक बस को ओवर टेक कर आगे बढ़ा, तभी पहले से ब्रेकडाउन हाईवे को देख ट्रक पर से चालक नियंत्रण खो दिया और पीछे से हाईवा में टकरा गयी। इस घटना के कारण फोरलेन पर वन वे परिचालक हो रहा है।

## एक नजर

### चुनाव आयोग के अधिकारी ने मतदाता पर्ची वितरण का जायजा लिया



**हरिहरगंज।** राज्य निर्वाचन आयोग के अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को हरिहरगंज प्रखंड में मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान सीता उच्च विद्यालय मतदान केंद्र पर संबंधित बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि मतदाता पर्ची वितरण कार्य में सहयोग करना ही उनका उद्देश्य है। पलामू संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर 7 मई तक हर हाल में मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर बीएलओ पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, ब्लॉक नाजीर ब्रजेश कुमार, बीएलओ विमला कुमारी सहित कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### बासपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हुसैनाबाद/पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को बहुजन समाज पार्टी सक्रिय सदस्यों ने दर्जनों से अधिक पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कामेश्वर बैठा को हाथी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपिल किया। मौके पर हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र में दर्जनों गांवों में जिसमें पंचायत डंडिला जमुवा विश्वासिया घाघरा ऊपरी कला दरूवा बेनि कोसी उर्दवार झरगाडा बैराव पंचायत सहित अन्य पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर सुश्री बहन मायावती को हाथो मजबूत करें। पुनीत अंबेडकर का प्रदेश प्रभारी हुसैनाबाद प्रखंड प्रभारी जुल्फिकार अली, हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र राम बासपा वरिष्ठ नेता अजय कुमार, भारती जिला प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता, मदन भारती विकास कुमार, मोहित कुमार, मोहन राम, जितन राम, कुलदीप राम, मुन्ना कुमार राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### युवक की संदेहास्पद मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के धुमा गांव में प्रेमिका के मायके आए लातेहार के संतोष भुइयां की संदेहास्पद मौत हो गई। मौत मामले में संदेह होने पर पुलिस ने रविवार को डेड बॉडी को कब्जे में लिया और फिर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि संतोष भुइयां की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। उसका ससुराल मैक्लुस्कीगंज के लपरा गांव में है। शादी के बाद से वह अपने ससुराल में ही रह रहा था। उसी गांव में तरहसी थाना क्षेत्र के धुमा गांव निवासी बिरजू भुइयां की पुत्री की शादी हुई थी। कुछ वर्ष पहले बिरजू की बेटी के पति की भी बहुत हो गई। ऐसे में संतोष और बिरजू की पुत्री के बीच नजदीकियां बढ़ी थी और फिर प्रेम संबंध स्थापित हुआ था। संतोष बिरजू की पुत्री के साथ उसके मायके धुमा गांव आया था और रह रहा था। रविवार को उसकी मौत हो गई। प्रेमिका का कहना है कि संतोष की मौत लू लगने से हुई, लेकिन ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा होने पर पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लिया।

### जहरीला पदार्थ का सेवन कर 25 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या का प्रयास



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी पप्पू भुइयां उम्र 25 वर्ष परिवारिक विवाद में आकर सोमवार की सुबह चूहा मारने का दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर पप्पू भुइयां का अपने परिवार के सदस्यों से बहस हो गया। इस बीच गुस्से में आकर वह घर में रखे चूहा मारने वाले दवा का सेवन कर लिया। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

# जीरो ऐरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य, कार्य में कोताही अक्षम्य : डीडीसी

- सेक्टर पदाधिकारियों को मिला चुनाव प्रशिक्षण



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार सोमवार को स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी,जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी के बीच की कड़ी होते हैं। इसलिए सेक्टर पदाधिकारी को हर बिन्दु की जानकारी होनी चाहिए तथा चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप उसे व्यावहारिक रूप देने की क्षमता होनी चाहिए।जीरो इरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य है। इसलिए कार्य में कोई भी कोताही अक्षम्य है।

उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय,मतदान केन्द्र पर पहुंचने, रिजर्व सामग्री का रखरखाव व आवश्यकतानुसार उपयोग, विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग व सुरक्षित वापसी सहित प्रत्येक विन्दुओं पर संवाद करते हुए प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया। वहीं कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने त्रुटि रहित रिपोर्टिंग पर विस्तार से जानकारी दी।

मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केर-केट्टा एवं डीएसओ प्रीति किस्कू मौजूद थे। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने इवीएम रिप्लेस करने के समय बरते जानेवाली सावधानियों, विजिट सीट, माकपोल एवं अनेक कठिन विन्दुओं की जानकारी दी।

इसे सफल बनाने में प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक, अजित कुमार व राजन बाखला सक्रिय रहे। वहीं दूसरी ओर हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद एवं अशोक सिंह के अनुसमर्थन में पीडब्ल्यूडी बूथ के मतदानकर्मी सहित 261 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को किया जब्त

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जेएच 19 बी 8124 को जब्त कर उसे कार्रवाई के लिए शहर थाना लाया गया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी से प्रतिदिन अंधेरे का फायदा उठा कर बालू माफियाओ के द्वारा अवैध बालू की ढुलाई की जा रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ कर उसे कार्रवाई के लिए थाना लाया गया है। थाना प्रभारी ने कहा की किसी भी हालत में शहर में अवैध बालू की ढुलाई नही होने दिया जाएगा। यदि बालू माफिया अवैध रूप से बालू की ढुलाई करते है तो इनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान राकेश,पुलिस के जवान ब्रजेश, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल मुख्य रूप से मौजूद थे।

## विश्रामपुर के जमारी गांव के ग्रामीण ने सड़क को लेकर नहीं करेंगे मतदान



संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के घासीदाग पंचायत स्थित जमारी गांव के ग्रामीणों एक स्वर में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया। ग्रामीण आजादी के वर्षो बाद भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। सड़क सुविधा से वंचित ग्रामीणों ने आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। मतदान केंद्र 270 गांव में अवस्थित है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी तरह की सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिलता। बरसात के मौसम में आवागमन ठहर जाता है। वे गांव से बाहर नहीं जा पाते। लोगों ने बताया कि सड़क सुविधा बहाल करने की मांग वर्षों से किया जा रहा है। लेकिन कोई यहां सुनने वाला नहीं है। वहीं गांव वासियों ने जुलूस के रूप में निकलकर ₹रोड नहीं तो वोट नहीं का नारे लगा रहे थे। साथ हीं सड़क को लेकर गांव मुहल्ला टोला में भ्रमण करते लोगों को मतदान नहीं करने का आग्रह भी किया। वहीं गांव में टोली बनाकर वोटरों को सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए। वोटरों को प्रेरित भी किया जा रहा है। लोगों को कहना कि आजादी की 75 साल बीत जाने के बाद भी जमारी गांव विकास से कोसो दूर है। जबकि यह गांव विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर है। वहीं एनएच 98 से 10 किलोमीटर व एनएच 75 से 27 किलोमीटर दूरी पर बसा हुआ है। ऐसे में सड़क सुविधा गांव में नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### इंडिया महागठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के लेस्लीगंज के ठेला रोड में इंडिया महागठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया। इस दौरान मौजूद समर्थक दल के प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने चुनाव की रणनीति बनाई। तथा निर्णय लिया गया कि महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के चुनाव चिन्ह पंजा छाप को लेकर कार्यकर्ताओं की टोली प्रत्येक गांव के हर एक गली मोहल्ले में जाकर प्रचार प्रसार करेंगे । साथी महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को जिताने में जी जान लगा देंगे। बैठक में धनंजय त्रिपाठी, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, नंदकिशोर सिंह, सुधीर सिंह, तारकेश्वर पासवान ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नवलेश कुमार मेहता, कमेश सिंह चेरो, तनवीर आलम, अजय सिंह ,भोला पांडे, अरविंद शुक्ला सहित दर्जनो महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**नावा बाजार/पलामू।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित सुरेश प्रसाद गुप्ता के मकान में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी के अध्यक्षता में इटको पंचायत पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता व पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान के संयुक्त द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर पंकज तिवारी ने कहा कि राष्ट्र की अग्रसर विकास के लिए नावा बाजार प्रखंड की जनता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा का समर्थन कर रहे हैं, उन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना समर्पित योगदान देकर भारत देश का मान सम्मान बढ़ाया है। अपने अस्मिता संस्कृति व राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए हम सबों को पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को वोट देकर केंद्र की सरकार को तीसरी बार मजबूत करना है।

## कामरेड अतुल अंजान का निधन पार्टी की अपूर्णीयक्षत्ति : रूचिर



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कचहरी प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं 2 मिनट का मौन रखकर कामरेड अतुल कुमार अंजान को श्रद्धांजलि दी गई एवं लाल सलाम पेश किया गया। कामरेड अतुल कुमार अंजन देश के किसान मजदूर के आंदोलन का हमेशा अगुवाई करते थे। इनका निधन 2 मई को लखनऊ के नानावटी हॉस्पिटल में कैंसर की कैंसर के बीमारी के चलते निधन हो गया। वह एक माह से बीमार थे। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन को भारी अपूर्णीय क्षति हुई है। यह छात्र आंदोलन से जुड़े हुए थे और लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ के 4 बार अध्यक्ष भी रहे हैं और इसके बाद अखिल भारतीय नौजवान सभा के महासचिव भी रहे। जिला सचिव रुचिर तिवारी ने कहा कि कामरेड अतुल अंजान विद्वान एवं किसान मजदूर एवं छात्र नौजवानों के भी लोकप्रिय नेता थे। इसी का परिणाम है कि वह लखनऊ विश्वविद्यालय के चार बार अध्यक्ष रहें। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, कृष्ण मुरारी दुबे, रंजीत, अजेश, चंद्रशेखर तिवारी आदि उपस्थित थे।

# वोटर आईकार्ड के बगैर भी किया जा सकेगा मतदान, बस मतदाता सूची में नाम रहना जरूरी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा अंतर्गत 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहें हैं। इस पर्ची पर मतदान स्थल,मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है ताकि 13 मई को मतदाताओं को बूथ पर जाने के पश्चात उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 मई के दिन अपना मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि किसी कारणवश अगर कोई मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं।

### वोटर आईकार्ड नहीं रहने की स्थिति में निम्न 12 तरह के डॉक्यूमेंट दिखा कर किया जा सकेगा वोट

- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- मनरेगा जॉब कार्ड
- पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
- पासपोर्ट
- पासबुक (फोटो सहित बैंक/
- डाकघर द्वारा जारी)
- फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी)
- सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)

में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

# हुसैनाबाद : मतदाता जागरूकता को लेकर संध्या चौपाल का आयोजन



संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** जपला शहर के टाउन हॉल में रविवार की शाम स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जेएस एलपीएस के सखी मंडल की दीदियों व स्थानीय मतदाता शामिल हुए।

इस दौरान मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सभी को अधिकारियों ने कैंडल जलाकर शपथ भी दिलाया। इस बाबत एलआरडीसी गौरांग महतो ने कहा कि 13 मई को सभी लोग लोकतंत्र के महापर्व में अवश्य भाग लें। देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य वोट दें। आपका एक मत क्षेत्र के विकास के लिए अहम है। उन्होंने उपस्थित सखी दीदियों से कहा कि मतदान की जानकारी अपने तक सीमित न रखकर अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें और मतदान के दिन अपने साथ पड़ोसियों को भी मतदान के लिए ले जाये। उन्होंने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है। इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। मतदान प्रतिशत में कमी नहीं रहनी चाहिए। जिन्हें मतदान का अधिकार है उन्हें बूथ तक पहुंच कर अवश्य मतदान करना चाहिए। मौके पर सीओ पंकज कुमार, ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सीआई अशफाक खान, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, बीईईओ राम नरेश राम, सुदर्शन सिंह समेत काफी संख्या में मतदाता व सखी मंडल की दीदी मौजूद थे।

## एक नजर

### अनुमंडल कार्यालय में पोस्टल बैलेट से हुआ मतदान




**जमशेदपुर ।** अनुमंडल कार्यालय धालभूम में बनाए गए मतदान केंद्र में पोस्टल बैलेट से सोमवार पहला मतदाता हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न कराने और पूरी चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वहीं मतदान केंद्र को रंग-बिरंगे बलुन से सजाया भी गया था। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पारुल सिंह, एक्सक्यूटिव मैजिस्ट्रेट सुमित प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पहले मतदाता को गुलाब का फूल देकर सम्मानित भी किया गया।

### 20 मई को मतदान दिवस निर्धारित

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान दिवस निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण किया जा रहा है और मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया और सभी मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका क वितरण। बीएलओ द्वारा सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करते हुए ।

### भूमिका ने 95 प्रतिशत अंक हासिल की



**जमशेदपुर।** सोमवार आईसीएसई 10 वीं के घोषित परिणामों में जुगसलाई निवासी शिवचंद शर्मा की सुपुत्री भूमिका शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार समेत पूरे समाज को गौरवांवित किया हैं। वहीं भूमिका ने बताया कि वह परीक्षा की तैयारी करते समय हर दिन 12 से 14 घंटे तक पढ़ाई करती थी। इस दौरान बिस्टुपुर स्थित कॉवेंट स्कूल में पढ़ाई करने वाली भूमिका से भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछेने पर उसने बताया कि वह इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के क्षेत्र में पढ़ाई कर नए आयाम हासिल करना चाहती हैं। भूमिका ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने दादा-दादी और माता-पिता को दिया हैं।

### हत्या की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार



**जमशेदपुर ।** बीते रविवार बागबेड़ा थाना अंतर्गत महुआ गली केंद्रीय विद्यालय के पास से पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इनके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में अजय वाल्मीकि, विजय मुखी और बजरंगी झा शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। मामले का खुलासा सोमवार पुलिस ऑफिस में एसपी सिटी मुकेश कुमार लुनायत ने प्रेसवार्ता कर किया। मौके पर डीएसपी तौकिर आलम भी मौजूद रहे। वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी बागबेड़ा थाना क्षेत्र में महुआ गली केंद्रीय विद्यालय के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जिसके बाद पुलिस टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस को देखकर सभी अपराधी भागने लगे। जिन्हें खदेड़कर पकड़ा गया। साथ ही तलाशी लेने पर हथियार भी बरामद हुआ। वहीं पूछताछ में तीनों ने बताया कि अजय वाल्मीकि का दोस्त दिल्ली में रहता है और वह अपने महिला मित्र से मिलने जमशेदपुर आता जाता रहता है। जिसे लेकर ही दोनों में विवाद चल रहा था। जिसको लेकर अजय अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी। मगर घटना को अंजाम देने से पहले ही तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार विजय मुखी पूर्व में भी जेल जा चुका है। फिलहाल तीनों अपराधी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। टीम में थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे।

### जमशेदपुर संसदीय सीट से अंतिम दिन 12 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**जमशेदपुर ।** निवार्ची पदाधिकारी 09-जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र अनन्य मित्तल के समक्ष नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों के नाम :-
**1.** अंगद महतो, आमरा बंगाली पार्टी **2.** मंगल हेम्ब्रम, अखिल भारतीय झारखण्ड पार्टी **3.** संजीव कुमार कुंडू, निर्दलीय **4.** विश्वनाथ महतो, निर्दलीय **5.** दुर्गा लाल मुर्मू, निर्दलीय 6. डोमन चन्द्र भकत, भागीदारी पार्टी (पी) **7.** आनन्द मुखी, निर्दलीय **8.** राकेश कुमार, निर्दलीय **9.** पिंकी महतो, निर्दलीय **10.** असित कुमार सिंह, निर्दलीय **11.** प्रणव कुमार महतो, बहुजन समाज पार्टी **12.** दिलीप कुमार टुडू, निर्दलीय।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी सदस्यों ने वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया

### वृद्ध माता पिता हमारे जीवन के आईना है:डॉ मृदुला




संवाददाता
**झुमरी तलैया ।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया गया । एलुमनी सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी वृद्ध महिला एवं पुरूषों से परिचय किया। तत्पश्चात एलुमनी सदस्यों के द्वारा सभी को खाद्य सामग्री,पोशाक एवं फल आदि वितरण किया गया। तदुपरांत एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने वहां के पाकशाला, शयन कक्ष एवं संपूर्ण परिसर के वातावरण एवं वृद्धा आश्रम की स्थितियों से अवगत हुए साथ ही ईश्वर एवं प्रकृति से उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए एवं अपने उज्जवल भविष्य हेतू आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि वृद्ध महिला एवं पुरूष परिवार, समाज एवं राष्ट्र की अनवीकरणीय धरोहर है। हम अपने जीवन की कल्पना इनके बगैर कतई नहीं कर सकते हैं। हमें सदैव वृद्ध महिला एवं पुरूष को सम्मान करना चाहिए एवं इनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि वृद्ध माता पिता हमारे जीवन के आईना है। हमें इनके बताए मार्ग पर सदैव चलने की आवश्यकता है। एलुमनी एसोसिएशन के समन्वयक सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने वृद्धा आश्रम हेतू भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विविध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी । उक्त भ्रमण में एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव अनिल दास एवं सदस्य खुशबू कुमारी सिन्हा, चुन्नु कुमार एवं रोहित कुमार सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान, संजीत कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय, सुधीर साव एवं नागेश सिंह उपस्थित रहे।

### सीजीपीसी ने इंडी गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती को दिया समर्थन का भरोसा

**जमशेदपुर ।** कोल्हान सिखों की सर्वोच्च संस्था सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) के प्रधान सरदार भगवान सिंह और उनके सलाहकार सह झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेन्द्र सिंह ने सोमवार को इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को परा समर्थन दिया। वहीं आयोजित एक जनसभा में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नेताओं ने जमकर कोसा भी। इस दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी भी उपस्थित रहे। साथ ही झामुमो लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती ने चुनाव में सभी से उनके पक्ष में समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि जमशेदपुर से वर्तमान भाजपा के सांसद ने विगत 10 वर्षो के कार्यकाल में एक भी जनहित के कार्य नहीं किए हैं और केंद्र में भाजपा की सरकार के इशारे पर वो केवल बड़े बड़े दावे करते हैं।

## ट्रिगर्स के संपर्क में आना अस्थमा रोग बढ़ने के प्रमुख कारण : डॉ. जगदीश लोहिया

### विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण



संवाददाता
**जमशेदपुर ।** विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण पर तामोलिया स्थित ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के कंस्लटेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ जगदीश लोहिया का कहना हैं कि उत्तेजक कारकों के संपर्क में आना, लंबे समय तक धुएं के संपर्क में रहना, चाहे वह बाहरी वाहन निकास/औद्योगिक से हो या फिर घर के अंदर जैव द्रव्यमान ईंधन जोखिम अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है। उनके अनुसार ट्रिगर्स के संपर्क में आना, शहरीकरण और औद्योगीकरण अस्थमा बढ़ने के प्रमुख कारक हैं। वहीं सोमवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में डॉ लोहिया ने बताया कि अस्थमा से रक्त संबंधी होना, ऐटोपिक जिल्द की सूजन या हाई फीवर जैसी अन्य एलर्जी संबंधी स्थिति होना, अधिक वजन होना, धूम्रपान करने वाला होना, रसायनों जैसे व्यावसायिक कारकों के संपर्क में आने वाले लोग जोखिम उठाते हैं। उन्होंने बताया कि सूखी खांसी, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न, घरघराहट होना दमा के लक्षण हैं। जिसकी पहचान वायुजनित एलर्जी जैसे परागकण, घर की धूल के कण, फफूंद बीजाणु, पालतू जानवरों की रूसी, सांस संबंधी संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी (वायरल), ठंडी हवा, वायु प्रदूषक, कुछ दवाएं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) हैं। डॉ लोहिया के अनुसार यदि आपको अस्थमा है तो आपको पता होना चाहिए कि आप अपने अस्थमा को नियंत्रित करने के लिए क्या कर सकते हैं और यदि आपका अस्थमा गंभीर है तो क्या करें। सबसे पहले आपको अपने डॉक्टर की मदद से अपने अस्थमा ट्रिगर्स की पहचान करनी होगी और फिर एक अस्थमा एक्शन प्लान बनाना होगा। उन्होंने बताया कि इसमें अस्थमा ट्रिगर्स के संपर्क को हटाना या कम करना, अपने अस्थमा चेतावनी संकेतों को जानना, दवाएं न छोड़ना, नियमित रूप से इनहेलर लेना और सही तकनीक के साथ इसका उपयोग करना शामिल है। बताते चलें कि एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, सबसे आम इनडोर एलर्जी घरेलू धूल के कण, तिलचट्टे, धूल के कण और पराग कण हैं, जिसमें 63 हजार अस्थमा रोगियों को कवर करते हुए पांच वर्षों में डेटा एकत्र किया गया था।

## इंडिया गठबंधन के सभी दलों ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान




संवाददाता
**कोडरमा ।** कोडरमा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी कामरेड विनोद कुमार सिंह के पक्ष में गठबंधन के सभी दलों द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू के साथ समाजसेवी अशोक वर्मा, सीपीआई नेता असीम सरकार रमेश प्रजापति मजदूर नेता महेंद्र तूरी एवं कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी चांद आलम ने कोडरमा प्रखंड के सुदूर मेघातरी पंचायत के बाराकुरहा, करहरिया, चिरकुंडी, कुशाहना आदि गांवों का दौरा कर आगामी 20 मई को झंडे पर तीन तारा चुनाव चिन्ह पर आम जनों को वोट देने का अपील किया। अभ्रक स्क्रैप डिबरा चुनकर जीवन यापन करने वाले मेघातरी पंचायत वासियों को एकजुट कर समाजसेवी अशोक वर्मा ने औद्योगिक स्वावलंबी को ऑपरेटिव सोसाइटी का गठन किया था,जिसके सैकड़ों महिला पुरुष सदस्य ने उपस्थित होकर अभ्रक स्क्रैप रोजगार हेतु कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में उठाए गए प्रश्न हेतु धन्यवाद दिया एवं अधिक से अधिक मतों से जीतने का वचन दिया। मौके पर मुख्य रूप से मो ग्यासुद्दीन, सरस कुमार बबलू, सुभाष तूरी, अनीता देवी, हीरा देवी ,रूपा देवी ,चंपा देवी, संगीता देवी, आशा देवी, विमला देवी, सीता देवी,रामस्वरूप रजवार, भिखारी तुरी ,विजय सिंह, अरविंद रजवार साहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### परिजनों एवं पड़ोसियों को आमंत्रण पत्र देकर 20 मई को मतदान करने का संदेश दिया



संवाददाता
**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर दिनांक- 20 मई 2024 दिन सोमवार मतदान दिवस के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों से स्वयं और अपने परिवारजनो, पास पड़ोस के लोगों को मतदान केन्द्रों पर लाने को कहा और नैतिक मतदान करने की अपील किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने परिजनों एवं पड़ोसियों को आमंत्रण पत्र देकर दिनांक- 20 मई को अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।

## संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र छात्राओं ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की





संवाददाता
**कोडरमा।** आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले का एक मात्र स्कूल संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र छात्राओ ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय से इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल कुल 134 छात्र छात्राओ में सभी ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत करने का गौरव प्राप्त किया है। प्रारंभ से ही इस विद्यालय का बोर्ड का परीक्षाफल काफी गौरवपूर्ण रहा है। विद्यालय के छात्र राजा कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। कोडरमा जिले के जलवाबाद निवासी स्वर्गीय उमेश चंद्र साव एवं गुड्डी देवी के पुत्र राजा कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि कोडरमा क्षेत्र के साथ साथ अपने परिवार का भी नाम रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की सेकेंड टॉपर कोडरमा निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार एवं शिक्षिका प्रतिमा सिंह की पुत्री सिद्धि परमार एवं कोडरमा निवासी संजय कुमार व कुंदन कुमारी के पुत्र सौमिल श्लोक ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं थर्ड टॉपर के रूप में कोडरमा निवासी मोहम्मद साबिर इमाम खान एवं साजिया अंजुम की पुत्री उजमा सबिर, दूधीमाटी कोडरमा निवासी सौरभ कुमार एवं ऋचा रंजन के पुत्र सूरज रंजन एवं कोडरमा निवासी न्यायालय कर्मी आशीष कुमार सिन्हा एवं रूबी सिन्हा के पुत्र अभिजीत शिवम ने संयुक्त रूप से 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के चौथे टॉपर तन्मय गुप्ता व ऐमान हुसैन ने 95 प्रतिशत, पांचवें टॉपर कोमल पांडे ने 94.6 प्रतिशत, छठे टॉपर प्राची कुमारी व आकाश कुमार ने 94 प्रतिशत, सातवें टॉपर वकिता प्रकृति कुजुर ने 93.4 प्रतिशत, आठवाँ टॉपर अंजली कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा श्रेयांश शेखर सिंह ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां स्थान, रितेश कुमार पंडित व जिया रानी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान पर रहे। साथ ही पालक सिंह ने 92 प्रतिशत, मिस्टी राज ने 91.4 प्रतिशत, प्रियांशु सेठ व अटल पृथ्वी राज ने 91.2 प्रतिशत, अर्णव नारायण ने 90.6 प्रतिशत, आर्या ने 90.4 प्रतिशत, झील शर्मा 90.2 प्रतिशत तथा सलोनी वर्मा एवं शीतल कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की ख्याति को बढ़ाया है। इसके अलावा विद्यालय के सभी शत प्रतिशत छात्र छात्राओ ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्णता हासिल कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया है। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सुमा ने विद्यालय के सभी छात्र छात्राओ को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए।

# सारे चोर हुए इकट्ठे, मोदी पर कर रहे हमले : अन्नपूर्णा

### कांग्रेस और उसके सहयोगी पूरे देश में छाती पीट पीटकर कह रहे हैं कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है



संवाददाता
**कोडरमा ।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब जनता का हक लूटकर अपनी तिजोरी भरनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की तो पकड़े जाने के डर से सारे चोर इकट्ठे हो गए हैं और निराधार आरोपों से चौकीदार नरेंद्र मोदी पर हमले कर रहे हैं। झारखण्ड तो लूट का केंद्र बन गया है जहां कांग्रेस, झामुमो और राजद का मतलबपरस्त गठबंधन पिछले 5 साल से सत्ता में है। भाकपा माले जैसी पार्टियां लूट में हिस्सेदार बनने के लिए इस जनविरोधी सरकार का समर्थन कर रही हैं। अब जबकि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं तो इनके यहां से रह रहकर नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। रकम इतनी बड़ी होती है कि नोट गिननेवाली मशीनें जवाब दे देती हैं। जनता सबकुछ देख और समझ रही है और इन्हें सबक सिखायेगी। मरकच्चो में जनसभा को संबोधित करने आई अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं।
अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी पूरे देश में छाती पीट पीटकर कह रहे हैं कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन पूरा देश देख रहा है कि जांच एजेंसियां जहां जहां हाथ डालती हैं, वहीं नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। आज तो हद हो गई, मंत्री के निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा की रकम मिली है। इससे पहले एक राज्यसभा सांसद और इनसे जुड़े एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों से सैकड़ों करोड़ रुपए मिल चुके हैं। इसके बाद भी अगर ये कहते हैं कि मोदी जी विरोधियों को निशाना बना रहे हैं तो जनता कह रही है कि मोदी ठीक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाकपा माले का चरित्र भी उजागर हो गया है। भाकपा माले चोरी में हिस्सेदार है और इसीलिए अपनी परम्परा तोड़कर एक भ्रष्ट सरकार का समर्थन कर रही है। भाकपा माले को स्पष्ट करना चाहिए कि नोटों की बरामदगी पर उसका क्या स्टैंड है और अगर वह कोई स्टैंड नहीं लेती तो उसे बताना चाहिए कि इस संगठित लूट में उसका हिस्सा कितना है।
मरकच्चो की जनसभा को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी संबोधित करनेवाले थे। लेकिन खराब मौसम के कारण वे बोकारो से नहीं आ सके। हालांकि खराब मौसम के बावजूद स्थानीय जनता भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर डटी रही। जनसभा में कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा लोकसभा संयोजक श्री रामचंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष श्री अनूप जोशी, विधानसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, शिवलाल सिंह, बेदु साव, महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष बिजय यादव, मनोज कुमार झुन्नू, दिनेश सिंह, रमेश हर्षधर, सुनील सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, अरशद खान, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

### श्री दिगंबर जैन विद्यासागर पाठशाला के बच्चों ने किया जरूरतमंदों के बीच छाता वितरीत

संवाददाता
**झुमरीतिलैया ।** श्री दिगंबर जैन विद्यासागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा शहर के फुटपाथ पर अपनी जीविका चला रहे बुजुर्ग महिला बच्चे जरूरतमंदों के बीच 40 छाता वितरण किया गया। इस मौके पर पाठशाला में पढ़ाने वाली शिक्षिकाएं भी साथ में मौजूद थी । दोपहर के इस चिलचिलाती गर्मी में पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों ने स्टेशन रोड झंडा चौक वीर कुंवर सिंह चौक आदि स्थानों में घूम घूम कर जरूरतमंदों को छाता दिया । सभी बच्चे छाता बांटकर बहुत ही खुश हो रहे थे। इस मौके पर समाजसेवी पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि जैन धर्म में दया, त्याग और दान का बड़ा महत्व है । विद्यासागर पाठशाला झुमरी तिलैया की शिक्षिकाएं बच्चों के बीच बहुत अच्छा संस्कार दे रही है । बच्चों के बीच बचपन से ही जरूरतमंदों के प्रति संवेदना और मानवता की सेवा का बीजारोपण किया जा रहा है ।पाठशाला की संयोजिका सुनीता सेठी ने कहा कि इस तरह के कार्य से बच्चों में धर्म और मानवता का संस्कार मिलता है । प्रत्येक शनिवार रविवार को जैन समाज की महिला शिक्षिकाओ के द्वारा बच्चों को धार्मिक शिक्षा धर्म पूजा संस्कृति की रक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है । इस मौके पर जूली लूहारिया किरण सेठी रानी छाबड़ा कल्पना सेठी आशा गंगवाल नीलिमा ठोलिया रिंकू गंगवाल क्षमा सेठी संगीता छाबड़ा मोना छाबरा रेखा झाझंरी, प्रियंका छाबड़ा, सीमा जैन, अमित जैन सेठी आदि ।

## एक नजर

## चीन ने जीता थॉमस और उबेर कप बैटमिंटन टूर्नामेंट का खिताब



**चेंगदू।** चीन की पुरुष टीम ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर छह साल के इंतजार को खत्म करते हुए थॉमस कप बैटमिंटन टूनामेंट का खिताब जीत लिया है, जबकि महिला टीम ने भी रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर 2020 के बाद पहली बार उबेर कप पर कब्जा किया। 2012 के बाद यह पहला मौका था जब पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में एक ही दो देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ खेला। थॉमस कप में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शि यूकी ने चीन के लिए शानदार शुरूआत की, उन्होंने इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग के खिलाफ 21-17, 21-6 से जीत दर्ज कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। युगल मुकाबले में लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने 64 मिनट तक चले मैच में फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को 21-18, 17-21, 21-17 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि जोनाथन क्रिस्टी ने ली शिफेंग को 21-16, 15-21, 21-17 से हराकर इंडोनेशिया को व्हाइटवॉश होने से बचा लिया। इसके बाद दूसरे युगल में, ही जिटिंग और रेन जियांग्यू ने मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना पर 21-11, 21-15 से शानदार जीत दर्ज करके चीन को 3-1 से जीत दिलाई और खिताब अपने नाम कर लिया।

## दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने डीसी टोली फैंस से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** एक छोटे से ब्रेक के बाद वापस आकर, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार के प्रशिक्षण सत्र से पहले अपने आधिकारिक प्रशंसक समुदाय डीसी टोली से मुलाकात की। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले खिलाड़ियों का ढोल की थाप, जयघोष और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ प्रशिक्षण सत्र के लिए जोरदार स्वागत किया गया। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, डेविड वार्नर, ट्रिस्टन स्टब्स, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और शाई होप के साथ-साथ हेड कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसकों से बातचीत की।

## आईपीएल : धर्मशाला पहुंची आरसीबी की टीम



**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में भाग लेने के लिए रॉयल चैलेंजर बैंगलोर (आरसीबी) की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। टीम के साथ विराट कोहली अभी धर्मशाला नहीं पहुंचे हैं। आरसीबी टीम 9 मई को किंग्स पंजाब इलेविन के खिलाफ मैच खेलेगी। आरसीबी की टीम को होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया गया है। आईपीएल के मैचों की श्रंखला के तहत 9 मई को स्थानीय हिमाचल क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अपना मैच खेलने के लिए रॉयल चैलेंजर बैंगलोर की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे आरसीबी टीम के खिलाड़ी गगल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर टीम का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के दीदार के लिए उत्सुक दिखे। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच टीम को धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू पहुंचाया गया। होटल पहुंचने पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

# दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में आज होगा मुकाबला

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला करेगी। दिल्ली के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच को हर हाल में जीतना होगा। इस मैच में हार से वह मुकाबले से बाहर हो जाएगी। ऐसे में टीम की कड़ी परीक्षा होगी क्योंकि रॉयल्य की टीम अंत तालिका में नंबर एक पर होने के साथ ही शानदार लय में है। उसके पास बेहतरीन बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। इस मैच में दिल्ली की संभावनाएं कप्तान कप्तान ऋषभ पंत और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क की बल्लेबाजी पर आधारित रहेगी। इसका कारण है कि ये दोनो ही बल्लेबाज अभी तक जबरदस्त फार्म में हैं। वहीं उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। अभी तक इस सत्र में दिल्ली ने 11 में से पांच मैच जीते और उसके 10 अंक हैं और वह छठे नंबर पर है। ऐसे में उसे अपने बचे हुए तीनों की मैच जीतने होंगे। तभी वह 16 अंक तक पहुंचेगी। इसके बाद भी उसे प्लेआफ में जगह मिले ये तय नहीं है। ऐसे में उसके अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।



वहीं दूसरी और रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक पर है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन, के अलावा जोस बटलर , यशस्वी जायसवाल और रियान पराग जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि इन्हें दिल्ली के गेंदबाजों खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव से सतर्क रहना होगा। इसके अलावा अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके दिल्ली के कप्तान पर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। रॉयल्स के पास अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , स्पिनर युजवेंद्र चहल और अनुभवी आर अश्विन जैसे गेंदबाज हैं। ,

चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और अच्छा है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है वहीं दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी अच्छा रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार , लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया ने अब तक काफी रन दिये हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :-

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

## पुरुष और महिला टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली। एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की पुरुष एवं महिला वर्ग की रिले टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। 4 गुणा 400 मीटर रिले टीमों (महिला और पुरुष दोनों) ने सोमवार को बहामास के नासाऊ में आयोजित विश्व एथलेटिक्स रिले में अपने-अपने दूसरे दौर की हीट में दूसरा स्थान हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के टूर्नामेंट की हीट नंबर एक में जमैका (3:28.54) पहले स्थान पर रही, जबकि रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन दूसरे स्थान पर रहीं और पेरिस खेलों के लिए टिकट हासिल किया। पुरुषों की टीम, जिसमें मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब शामिल हैं, 3 मिनट और 3.23 सेकंड के संयुक्त समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही। पहले स्थान पर यूएसए (2:59.95) की टीम रही। दूसरे दौर के दौरान तीनों हीट में सर्वोच्च स्थान पाने वाली दो टीमें ओलंपिक में प्रवेश करेंगी, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में भारतीय महिला टीम 3 मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रही।


पुरुष टीम पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट पूरी नहीं कर पाई, क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश बीच में ऐंठन के कारण हट गए। इसके साथ भारत के 19 ट्रैक और फील्ड प्रतियोगी पेरिस जा रहे हैं, जिनमें भाला फेंक के मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पधाएँ एक अगस्त से शुरू होंगी।

## फुटबॉल : पीएसवी आइंडहोवन ने अपना 25वां एरेडिविसी खिताब जीता

**द हेगा। एजेंसी**

पीएसवी आइंडहोवन ने रविवार को फिलिप्स स्टेडियम में स्पार्टा रॉटरडैम को 4-2 से हराकर अपना 25वां एरेडिविसी खिताब हासिल किया। इस जीत के साथ ही आइंडहोवन का छह साल से चला आ रहा डच लीग ट्रॉफी जीतने का इंतजार भी खत्म हुआ। पीएसवी को ट्रॉफी जीतने के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता थी, लेकिन टीम मैच के शुरूआत में ही पिछड़ गई और 8वें मिनट में ही मेटिन्हो ने गोल कर रॉटरडैम को बढ़त दिला दी, लेकिन 19वें मिनट में सईद बाकरी के आत्मघाती गोल और 26वें मिनट में जोहान बाकायोको के गोल की बदौलत पीएसवी ने 2-2 की बराबरी हासिल कर ली।

हालांकि, दूसरे हाफ में पीएसवी ने आक्रामक खेल दिखाया और बोस्कागली (67वें मिनट) और जॉर्डन टेजे (78वें मिनट) के गोलों ने 4-2 से जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ,



पीएसवी के अब 32 मैचों में 87 अंक हो गए हैं, जबकि अभी दो मैच और खेले जाने हैं। पिछले सीजन के चैंपियन फेयेनोर्ड पहले से ही दूसरे स्थान पर हैं, दोनों टीमों को अगले सीजन के यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए सीधे टिकट मिल गए हैं।

कोच पीटर बोस के नेतृत्व में, जिन्होंने पिछले साल रूड वैन निस्टेलरॉय की जगह ली थी, पीएसवी ने शानदार सीजन खेला है, जिसकी शुरूआत 21 जनवरी को एफसी उट्रेच में 1-1 से ड्रॉ से पहले लगातार 17 एरेडिविसी जीत से हुई थी। टीम को पहली और अब तक की एकमात्र हार इस साल 30 मार्च को एनईसी निजमेगेन के खिलाफ मिली थी।

- 26वें मिनट में जोहान बाकायोको के गोल की बदौलत पीएसवी ने 2-2 की बराबरी हासिल कर ली
- एकमात्र हार इस साल 30 मार्च को एनईसी निजमेगेन के खिलाफ मिली थी

पीएसवी ने अगस्त में फेयेनोर्ड पर जीत के साथ डच सुपर कप भी जीता, और डच दिग्गज चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में भी पहुंचे, लेकिन जर्मन टीम बोरुसिया डॉर्टमुंड से हार गए। पीएसवी की एरेडिविसी जीत क्लब के इतिहास में 25वीं जीत है। पहले नंबर पर 36 खिताब के साथ अजाक्स की टीम है।

## श्रीलंका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए किया क्वालीफाई

**अबू धाबी। एजेंसी**

श्रीलंका ने इस साल के आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 3 से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। श्रीलंका ने रविवार को अबू धाबी में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 15 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने स्कॉटलैंड के साथ दूसरे क्वालीफायर के रूप में टी-20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। श्रीलंकाई टीम अब मंगलवार, 7 मई को उसी मैदान पर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर फाइनल में स्कॉटलैंड से खेलेगी। मैच में यूएई ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। सलामी बल्लेबाज विशमी गुनारत्ने और कप्तान चमारी अथापथु ने 7.2 ओवर में 52 रन की साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को अच्छी शुरूआत दी। अथापथु (21) ने लगातार दो छक्कों सहित कुछ बड़े शॉट्स खेले, हालांकि यूएई की लेग स्पिनर वैष्णव महेश (2/33) ने उन्हें आउट कर यूएई को राहत की सांस दिलाई।

इसके बाद गुनारत्ने ने हर्षिता मदावी (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े, इस साझेदारी को महेश ने तोड़ा, जिन्होंने 16वें ओवर में मदावी को पवेलियन भेजा। गुनारत्ने, जिन्होंने अपनी 45 रन की पारी (पांच पारियों में 180 रन) के दौरान कैथरीन ब्राइस को टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली



खिलाड़ी के तौर पर पीछे छोड़ा, को ईशा ओजा (2/27) ने वाइड बॉल पर स्टंप आउट कर दिया। दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने अपनी 44 गेंदों की पारी में पांच चौके लगाए।

गुनारत्ने के आउट होने के बाद, मध्यक्रम की बल्लेबाज हसिनी परेरा (15), कविशा दिलहारी (17) और नीलाक्षी डी सिल्वा (18) ने डेथ ओवरों में आठ चौके लगाए और टीम को 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रनों के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई के लिए कप्तान ईशा ओजा ने टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन पारी खेली और यूएई ने श्रीलंका को कड़ी टक्कर दी। यूएई ने पहले ओवर में ही तीर्था सतीश को बिना कोई रन बनाए खो दिया। इसके बाद ओजा ने खुशी शर्मा (22) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की।

## सुनील ने केकेआर के लिए सर्वाधिक 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की



**लखनऊ। एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच (पीओटीएम) पुरस्कार जीतने के आंद्रे रसेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। नरेन ने रविवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नरेन ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 207.69 की स्ट्राइक रेट से 81 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 6 चौके और 7 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने एक विकेट लिया और अपने चार ओवर के स्पेल में 22 रन दिए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें पीओटीएम चुना गया।

इसके साथ ही उनके पास कोलकाता स्थित फ्रैंचाइजी के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। जबकि रसेल के पास भी केकेआर के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने 10 पीओटीएम पुरस्कार जीते हैं और सूची में तीसरे स्थान पर हैं। लखनऊ और कोलकाता के बीच खेले गए मैच की बात करें तो टॉस जीतकर एलएसजी ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। नरेन के 81 रन और फिल साल्ट (32), अंगकृष रघुवंशी (32) और रमनदीप सिंह (25*) की दमदार पारियों की बदौलत केकेआर ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 235 रन बनाए। एलएसजी के लिए नवीन-उल-हक ने अपने 4 ओवरों में 49 रन देकर 3 विकेट लिए। यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और युद्धवीर सिंह को एक-एक विकेट मिला। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। मार्कस स्टोइनिस (36) और कप्तान केएल राहुल (25) के अलावा कोई और बल्लेबाज नहीं चल सका और एलएसजी की टीम 16.1 ओवर में 137 रन पर ढेर हो गई।

# वाणिज्य

## उतार चढ़ाव के बाद शेयर बाजार बंद निवेशकों को 2.83 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को पूरे दिन अफरा-तफरी माहौल बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद शेयर बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ सपाट स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी लेकिन मुनाफावसूली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में दिन भर उतार चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी, ऑटोमोबाइल और प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। इसी तरह हेल्थकेयर और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए।



ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, पावर और पीएसयू बैंक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 403.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 406.24 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 2.83 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,093 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में नजर आने वाली गतिशील वृद्धि का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड की घोषणा की है। निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करने वाला यह फंड एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। इस फंड का उद्देश्य निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करना है, जिससे निवेशकों को अग्रणी भारतीय बैंकों की विकास यात्रा में सीधे भाग लेने के लिए एक मैकेनिज्म प्रदान किया जा सके। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, कि हमारे देश की आर्थिक प्रगति के पीछे अनेक कारण हैं और अगर प्रभावी ढंग से प्रगति की इस रफ्तार को समझा जाए, तो हमारी विकास कहानी में देश को एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाने की क्षमता है। इस पृष्ठभूमि में ही देश का बैंकिंग क्षेत्र विकास और लचीलापन प्रदर्शित करना जारी रखता है। एक मजबूत नियामक ढांचे और डिजिटल बैंकिंग को तेजी से अपनाने से प्रेरित होकर, यह क्षेत्र निरंतर विस्तार के लिए अच्छी स्थिति में है। एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड निवेशकों को इस विकास अवसर का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इनोवेशन पर जोर देने और उच्चतम शासन मानकों का पालन करने से भी बैंकिंग सेक्टर को बहुत फायदा मिलता है, जिससे भारत के बैंकिंग परिदृश्य को एक नई पहचान देने वाले परिवर्तनकारी रुझानों का हम लाभ उठा सकते हैं।

## भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस)




को जोड़ा जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान; स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार सुश्री प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई, 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ एक संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक की।

# मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता**

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को रामगढ़ शहर में हअछङअळलडठ(वॉक फॉर डेमोक्रेसी) का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह 6:00 बजे




पुलिस लाइन रामगढ़ से हअछङअळलडठ का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन एवं इस दौरान प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर सभी जिलेवासियों से भाग लेने अपील की है। WALKATHON पुलिस लाइन रामगढ़ से शुरू होकर रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर समाप्त होगा। वहीं शुभाष चौक पर मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। गौरतलब होकि मतदाता

> **समाहरणालय परिसर में पूर्वाह्न 11:00 बजे से कॉफी विद डीसी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा**

जागरूकता को लेकर 7 मई 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से प्रातः 6:00 बजे से आयोजन किया जाएगा जिसके उपरांत इस बार पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं के साथ जिला समाहरणालय परिसर में पूर्वाह्न 11:00 बजे से कॉफी विद डीसी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 7 मई 2024 को ही पूर्वाहन 11:30 बजे से युवा मतदाताओं को मतदाता आईकॉन शालिनी दुबे से मिलने का अवसर प्राप्त होगा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

### उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय ने की सुनवाई

## दो अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

**संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला



बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अपराध कर्मी सौरव कुमार मेहता उर्फ छोटू मेहता (कुज्जु, मांडू प्रखंड) एवं अपराध कर्मी नजीर अंसारी (गोलपार, रामगढ़) को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा।

## एक नजर

### पुलिस ने जब्त की शराब व बियर की बोतलें



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसडीपीओ पतरातू डॉ. बीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में बासल पुलिस ने थाना क्षेत्र के रसदा स्थित रमेश साव के राशन दुकान में छापामारी कर दर्जनों शराब व बियर की बोतल बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार राम व बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रसदा में रमेश साव के दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इसके बाद टीम बनाकर रमेश साव की दुकान में छापामारी की गई। उनके दुकान से दर्जनों बियर व शराब की बोतल जब्त की गई। इसमें ब्लॉकबस्टर केन बियर 23 पीस, स्टर्लिंग रिजर्व अंग्रेजी शराब 10 पीस, इंपिरियल ब्लू अंग्रेजी शराब 8 पीस, गॉडफादर बियर 4 पीस, किंगफिशर बियर 2 पीस बरामद किया गया है। मामले को ले केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### चुनाव के लिए सामान्य पर्यवेक्षकों और पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**हजारीबाग ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामन्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें 21 बरही व 22 बड़कागांव के लिए सामान्य प्रेक्षक चन्द्रमौली शुक्ला-आईएएस जिनका मोबाईल नं. 8987796320 है। तथा 23-रामगढ़, 24-माण्डू एवं 25-हजारीबाग के लिए नेल्ली कुमार सुब्रमन्यम, आईपीएस जिनका मोबाइल संख्या 8987796321 है। सभी सामान्य नागरिक एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से अपनी शिकायतें एवं समस्या के निवारण हेतु व्यक्तिगत रूप से मिलकर या अंकित मोबाइल नं. पर सम्पर्क कर सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक से मिलने का समय 5 बजे से 6 बजे अपराह्न तथा स्थान परिसदन भवन है।

### 14 वर्षों से फरार वारंटी को बासल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पतरातू ।** अगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार के निर्देश पर अपराधियों और फरार चल रहे हैं वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अभियान चलाकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर दिन रात लगी हुई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बासल पुलिस ने अभियान चलाकर विगत 14 वर्षों से फरार चल रहे हैं 373/2010 पत्रांक 141 दिनांक 04/03/2024 में अभियुक्त छोटे लाल मुंडा उम्र 30 वर्ष पिता लखन मुंडा ग्राम जराद ( केंदुआडीपा ) निवासी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

### नेता मुन्ना सिंह ने चलाया जेपी भाई पटेल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के जाने-माने नेता मुन्ना सिंह ने आज 06/05/2024 को कटकमदाग प्रखंड के अंतर्गत पसई, सलगांवा, मसरातु सहित विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महागठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदाताओं को जागरूक करना और कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधाराओं को उनके समक्ष रखना था। मुन्ना सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस पार्टी के विकास कार्यक्रमों, नीतियों और उनके द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों का जिक्र किया। साथ ही साथ कांग्रेस के न्याय पत्र से लोगो को अवगत करवाते हुऐ कहा की कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य करती है तथा जनता से आगामी चुनाव में जेपी भाई पटेल को समर्थन देने की अपील की। उनके संदेश को जनता ने गंभीरता से लिया।मुख्य रूप से उपस्थित राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, समाजसेवी निरज यादव, समाजसेवी आशीष कुमार, मोंटी कुमार राणा, बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजित सिंह, रंजीत यादव, आशीष कुमार, अभिषेक रविदास, रिंकू कुमार, मोहन कुमार, अनिल कुमार, यादव, पुरुषोत्तम कुमार पांडे, अमर कुमार, विकास कुमार, अमन कुमार, रवि कुमार, अरविंद कुमार, अमर कुमार, राजकुमार, अर्जुन यादव, मनोज कुमार, संदीप कुमार, अजय कुमार, राजेश कुमार, विक्रम कुमार, राजकुमार, श्रवण कुमार,इत्यादी।

### विभिन्न बूथों पर डोर टू डोर किया गया भ्रमण

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड के स्वीप कोषांग के द्वारा ड प्रखण्ड के विभिन्न बूथों पर डोर टू डोर भ्रमण किया गया। जिसमें ईवीएम/वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए जानकारी दी गई। साथ ही साथ मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण भी किया गया। जेएसएलपीएस की दीदीयो द्वारा रंगोली कार्यक्रम के साथ साथ ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत सचिव अरुण कुमार , प्रमोद कश्यप , मो० सरफराज आलम , पुष्पा कुमारी , निशा कुमारी, बीएलओ सलमा खातुन आदि मौजुद थे।

### आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए झारखंड सेवा समिति ने किया प्याउ का उद्घाटन

# मतदाताओं को प्रेरित करने का जो प्रयास झारखंड सेवा समिति कर रही है वह सराहनीय है: उपायुक्त

> **जितने अधिक लोग मतदान करेंगे हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा: अमित कुमार सिन्हा**



**संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति द्वारा सोमवार संध्या 4:00 बजे सुभाष चौक के निकट बढ़ती गर्मी को देखते हुए एवं आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्याउ का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने एवं संचालन उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता व सह सचिव मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से किया। जबकि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार मौजूद थे। उन्होंने प्याउ का उदघाटन करते हुए झारखंड सेवा समिति की सराहना की। कहा कि इस प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कहा की झारखंड सेवा समिति द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है की आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जो सराहनीय है। कहा वर्तमान समय में ऐसे ही पहल की जरूरत है क्योंकि इससे हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा। जितने अधिक लोग मतदान करेंगे हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगाः अमित कुमार सिन्हा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की गर्मी के मौसम में हमारी संस्था आम लोगों के लिए प्याउ का उदघाटन प्रत्येक वर्ष करती है ताकि राहगीरों को शीतल पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा की इस वर्ष प्याउ उदघाटन का एक और भी उद्देश्य है। कहा की 20 मई को लोकसभा का चुनाव संपन्न होना है। जिसके लिए हमारी संस्था जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता अभियान में लगातार सहयोग दे रही है। साथ ही हम 20 मई को अधिक से अधिक लोगों से बूथों पर जाकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं। कहा की जितने अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे हमारा लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा। मौके पर विनोद साव, राजेश प्रसाद, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, सरेंद्र ठाकुर, विजय मेवाड़, जीतू अग्रवाल, मानू चतुवेर्दी,इंद्रपाल सिंह सैनी,अनूप कुमार बाबू साहब,श्याम सुदर अग्रवाल, मनन साव, कैसर अली,टिकेश्वर महतो, शिव शंकर साव, शिव नंदन प्रसाद, संजय दांगी, नवनीत कुमार, सलमान कादिर आदि उपस्थित थे।

# चुनावी माहौल का बॉक्साइट के अवैध कारोबारी उठा रहे हैं फायदा

- **लोहरदगा के अवैध बॉक्साइट का रामगढ़ में होता है उपयोग**
- **जिले के कुज्जू ओपी क्षेत्र के लगभग 10 रिफ्रैक्टरीज फैक्ट्री(गोल भट्ठा) में खरीदा जा रहा अवैध बॉक्साइट**
- **रोजाना 4 से 5 एलपी ट्रक अवैध बॉक्साइट की होती है खरीदारी**



**संवाददाता**


**रामगढ़।** जिला में फिलहाल लोकसभा चुनाव का माहौल चल रहा है। सरकारी मशीनरी से लेकर नेता गण लोकसभा चुनाव के कार्यों में मशगुल है । इसका फायदा जिला के कई फैक्ट्री के संचालक उठा रहे हैं' जिला के कुज्जू ओपी क्षेत्र में स्थित लगभग एक दर्जन रिफ्रैक्टरीज फैक्ट्री( गोल भट्ठा ) में बड़े पैमाने पर अवैध बॉक्साइट की खरीदारी की जा रही है। जानकारों की माने तो लोहरदगा जिला के बॉक्साइट के अवैध कारोबारी का चारागाह इन दोनों रामगढ़ जिला बना हुआ है। लोहरदगा जिला में अवैध बॉक्साइट का खनन कर उसे रामगढ़ जिला भेजा जा रहा है' सूत्रों की माने तो लोहरदगा से बॉक्साइट का अवैध खनन कर देर रात एलपी ट्रक में लाद कर रामगढ़ जिला के लिए रवाना किया जाता है। लोहरदगा से लेकर रामगढ़ जिला तक बॉक्साइट के अवैध कारोबारी रास्ते में आने वाले परेशानियों को मैनेज फैक्ट्री तक माल पहुंचा रहे हैं। लोहरदगा जिला से रोजाना 4 से 5 एलपी ट्रक बॉक्साइट का उपयोग रामगढ़ जिला के फैक्ट्री में किया जा रहा है। बताया जाता है कि कुज्जू ओपी क्षेत्र में स्थित रिफ्रैक्टिव फैक्ट्री में बॉक्साइट को गोल भत्ते में पका कर उसे काफी अच्छे कीमत पर बेचा जा रहा है। जानकारों की माने तो इस अवैध कारोबार से राज्य और केंद्र सरकार के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। जानकारों की माने तो लोहरदगा से आने वाले लगभग 40 टन अवैध बॉक्साइट एलपी ट्रक मैं लाया जाता है' जिसकी कीमत लगभग ?2 लाख बताई जाती है' बताया जाता है कि बॉक्साइट के अवैध कारोबारी और फैक्ट्री प्रबंधन स्थानीय पुलिस और प्रशासन को मैनेज कर यह अवैध कारोबारी बड़े पैमाने पर चला रहैं है। चर्चा है कि इस अवैध कारोबार की जानकारी जिला खनन विभाग को है' इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना आश्चर्य की बात है ।

### 8 मई से पोस्टल बैलेट के माध्यम से आयोजित होगें मतदान

**हजारीबाग।** लोक सभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 14 हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अलावे झारखंड के अलग-अलग जिला में मतदान की तिथि अलग-अलग निर्धारित है। उक्त संसदीय क्षेत्र के वैसे मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत है,के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु निम्न सुविधा केन्द्र बनाएं गए है। संसदीय क्षेत्र सिंहभूम, खूँटी,लोहरदगा,पलामू के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 8 मई से 10 मई तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केन्द्र संख्या 1 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है। संसदीय क्षेत्र गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 14 मई से 17 मई 2024 तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केन्द्र संख्या 2 में देंगे।

### धड़ल्ले से हो रही है सरकारी भूमि की खरीद बिक्री

## प्रतिबंध के बावजूद चालू है बालू का खेल



**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के सीएन कॉलेज रोड स्थित गैरमजूरवा जमीन की खरीद बिक्री धड़ल्ले से हों रही है साथ हीं बालू माफिया भी सरकारी जमीन पर हाइवा से रात्रि में बालू गिरवाकर स्टॉक करते है जिसकी कालाबाजारी दिन के उजाले में की जा रही है।

उक्त शिकायत मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्षा सिंधु झा ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर किया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा मरार स्थित सीएन कॉलेज रोड पर उनका घर है जिसके आसपास सैकड़ों डिसमिल सरकारी भूमि जिसपर जमीन दलालों की नजर है। उन्होंने आधे से ज्यादा भूमि को अवैध तरीके से बेच भी दिया है जिसकी शिकायत उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को साल भर पहले भी किया था। शिकायत करने के बाद साल भर से शांत बैठे जमीन दलाल फिर सक्रिय हुए है साथ हीं अब उस क्षेत्र में बालू का अवैध स्टॉक प्वाइंट भी बनाया गया है जहां रोज रात्रि पहर में हाइवा के आने जाने से स्थानीय निवासियों सहित खुद मुझे भी तकलीफ होती है । उन्होंने उपयुक्त से बालू माफिया और जमीन दलालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है जो न सिर्फ सरकारी राजस्व और संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहें हैं बल्कि जिनके कारण स्थानीय निवासियों को भी परेशानी हो रही है।

# धार्मिक कार्य के अनुष्ठान से मन मस्तिष्क होता है पवित्र: टेकलाल महतो



**संवाददाता**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के महलीडीह गांव में श्री श्री अनंत श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रथम एकदिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। एक दिवसीय महायज्ञ के लिए महलीडीह के महिला पुरुष बच्चे व ग्रामीण सुबह 6 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यज्ञ समिति द्वारा उपलब्ध कलश लेकर सपाही नदी पहुंचे। जहां आत्मदर्शी श्री श्री रामशरण गिरी महराज के निर्देश में आचार्य मनीष कुमार पांडे, लोकेश गिरी,आदित्य गिरी रामसेवक गिरी अनिल गिरी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जल यात्रा सपाही नदी महलीडीह से पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण तक निकाला गया। मंदिर परिसर में बने यज्ञशाला में विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रवेश किया है। उसके बाद अमृत पान कर पुनः पूजा प्रारभ हवन किया गया। मुख्य रूप से विशेष पूजा में प्रधान कलश के यजमान पोकलाल महतो दंपति जुगली देवी रामनाथ महतो दंपति कुन्ती देवी मनोहर कुमार दंपती शीला देवी जयलाल मुंडा दंपती पुष्पा देवी नागेश्वर महतो दंपती पुरनी देवी केशवरी महतो दंपती प्रेमनाथ यादव दंपती, नागेंद्र महतो दंपती बबिता देवी मुख्य रूप से भगवान की पूजा अर्चना कर आहुति दी।

महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष टेकलाल महतो, सचिव मनोहर कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर महतो सिकंदर महतो, पिंटू कुमार महतो, रामनाथ महतो मंटू महतो उपेंद्र महतो, रमेश मुंडा रोहित महतो, रिंकू कुमार महतो मुकुंद महतो महावीर महतो गुड्डू मुंडा रंजित महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहकर सहयोग किया। झारखंड उजाला संवातदाता टेकलाल महतो ने आत्मदर्शी श्री श्री रामशरण गिरी से बात चीत किया तो उन्होंने कहा की इस प्रकार धार्मिक कार्य का अनुष्ठान करने से भावी पीढ़ी में रामराज्य का संस्कार मिलता है। बच्चों के प्रति आदर्श भाव उत्पन होता है। आचार्य मनीष कुमार पांडे ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्य का अनुष्ठान करने से हवन कुंड में घी जै तील लकड़ी जलने और मंत्रोचारण से पर्यावरण शुद्ध होता है।

# नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त



**संवाददाता**

**रामगढ़ /पतरातू ।** अगामी निर्वाचन-2024 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ० बिमल कुमार के द्वारा रामगढ़ जिले में लगातार चलाये जा छापामारी अभियान के दौरान दिनांक-05.05.2024 को पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ० बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पतरातू अनुमण्डल में अवैध रूप से शराब की बिक्री चोरी छुपे की जा रहीं है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा पतरातू अनुमण्डल अंतर्गत सभी थाना/ओ०पी० क्षेत्र में सतत रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान 1. पतरातू थाना निवासी विक्रान्त कुमार, पिता-स्व० किशोर चौरसिया, ग्राम- कोतो, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ के घर से भारी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे गये अंग्रेजी शराब 228 बोतल 2 बासल थाना निवासी रमेश साव के दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब 47 बोतल 3. भदानीनगर ओ०पी० निवासी जितेन्द्र प्रसाद कुश्वाहा, पिता-स्व० रामटहल महतो, सा० चिकोर थाना-पतरातू (भदानीनगर), जिला-रामगढ़ के घर से अवैध देशी महुआ शराब 20 लीटर बरामद किया गया एवं 01 क्विंटल जावा महुआ बरामद हुआ जिसे यथा विनष्ट किया गया 4. भुरकुण्डा ओ०पी० निवासी नकुल साव के घर से 105 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया एवं 180 किलो जावा महुआ बरामद किया गया जिसे यथा विनष्ट घटनास्थल पर किया गया 5. बरकाकाना निवासी देवानंद बेदिया, पिता रामेश्वर बेदिया के दुकान एवं मकान से भारी मात्र में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखे गये अंग्रेजी शराब कुल 143 बोतल बरामद किया गया। अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखने के आरोप में अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध संबधित थाना/ओ०पी० में प्राथमिकी दर्ज किया गया एवं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999